हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026

10 जी राम जी योजना ग्रामीण विकास का आधार : तेखन


11 एक सप्ताह से सड़क मार्ग बंद, ग्रामीणों की परेशानी के बावजूद प्रशासन बेखबर







देर रात तक चली खरीदी इसलिए यह आंकड़ा और भी ज्यादा होने की उम्मीद

# धान खरीदी पूरी: टारगेट से 90 प्रतिशत ही धान खरीदी, 63269 मीट्रिक टन अभी पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी पर शुक्रवार का विराम लग गया। दुर्ग जिले में टारगेट से 90 प्रतिशत ही धान खरीदी हो पाई है। यानी 63269 मीट्रिक टन पीछे हैं। वहीं करीब 7 हजार से ज्यादा किसान टोकन के बाद भी धान नहीं बेच पाए हैं। यह रिपोर्ट शाम 7 बजे की है। प्रशासन ने धान खरीदी का अंतिम दिन होने की वजह से देर रात तक किसानों से धान खरीदने का फरमान जारी किया है। इस हिसाब से इस आंकड़े और भी बढ़ सकते हैं। हालात को देखते हुए 31 जनवरी शनिवार को भी धान खरीदी करने की मांग भी किसान संगठनों ने की है। जिससे सभी किसान अपनी उपज बेच सके।



## अंतिम दिन 18320 मीट्रिक टन धान खरीदी

जिले के उपार्जन केंद्रों में शुक्रवार अंतिम दिन ही 18320 मीट्रिक टन धान खरीदी कर ली गई थी। सूत्रों के मुताबिक कई उपार्जन केंद्रों में किसी किसान का 5 हजार क्विंटल तो किसी किसान का 2 हजार क्विंटल धान नहीं बिक पाया था। ऐसी स्थिति जिले के कई उपार्जन केंद्रों में बनी हुई है। किसान पूरे दिन धान बेचने के लिए जूझते मिले। इसी के साथ ही उपार्जन केंद्रों के प्रभारियों पर भी यह दबाव दिखा कि आखिरी दिन होने की वजह से कोई भी किसान अपनी उपज बेचने से वंचित नहीं हो पाए।

## 553166 मीट्रिक टन हो पाई धान खरीदी

दुर्ग जिले में 87 सहकारी समितियों के माध्यम से 102 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की गई। जिले में इस साल 616435 मीट्रिक टन धान खरीदने का टारगेट निर्धारित किया गया था। लेकिन 553166 मीट्रिक टन ही धान की खरीदी हो पाई थी। इस हिसाब से 63269 मीट्रिक टन धान खरीदी का टारगेट से कम है। देर रात में यह आंकड़े बदलेंगे। इधर रात 9 बजे के बाद भी उपार्जन केंद्रों में किसान धान बेचने के लिए डटे रहे। पूरे दिन उपार्जन केंद्रों में किसानों की भीड़ जुटी रही।

## 113623 किसानों ने कराया था पंजीयन

जिले में धान बेचने के लिए इस बार 113623 किसानों ने पंजीयन करवाया था। जिसमें से 106436 किसानों की ही धान खरीदी हो पाई थी। इस तरह शाम 7 बजे तक 7187 किसानों की धान खरीदी बाकी थी। किसानों का पूरा धान सरकार खरीदे, किसान संगठन भी आगे आए हैं। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने तिथि बढ़ाने की मांग की है।

## देर रात तक टारगेट करेंगे पूरा

धान खरीदी का अंतिम दिन होने की वजह से पोर्टल देर रात तक खुला है। खरीदी भी चलेगी। इस हिसाब से जिले का टारगेट पूरा कर लेंगे, ऐसी उम्मीद है।

**सुनील वर्मा**, सीईओ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक दुर्ग

खरीदी की अवधि बढ़ाए

## धान खरीदी की मियाद बढ़ाएं

धान खरीदी से कई किसान वंचित होने की स्थिति में है। जितने किसान बचेंगे उनके लिए 31 जनवरी को भी और जरूरत पड़ी तो आगे खरीदी की समय सीमा बढ़ाने की जरूरत है। हमारी यही मांग है।

**-झबेंद्र भूषण वैष्णव**, महासचिव, छप्र किसान संगठन

## सूदखोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** सूदखोरी का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि तबियत खराब होने के कारण सूदखोर एचआईजी 1/79 न्यू बोरसी दुर्ग हरिश पारख से पीड़ित ने 1.60 लाख रुपए 10 प्रतिशत के हिसाब से सूद में रकम लिया था। लेकिन आरोपी हरिश पारख ने पीड़ित को रकम के लिए लगातार दबाव डालते हुए 22 लाख रुपए रकम देने का डिमांड करता रहा। जबकि 3.20 लाख रुपए से अधिक हरिश पारख पीड़ित से वसूल चुका था। आरोपी के पास से 11 चेकबुक, इकरारनामा, साहूकारी लायसेंस बरामद हुआ है। आरोपी को पुलिस ने दुर्ग न्यायालय में पेश किया गया।



## गांजा के साथ गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचते युवक को पुलिस ने पकड़ा है।एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवपारा चंडी मंदिर के पीछे युवक अवैध रूप से गांजा बेच रहा था। आरोपी का नाम शिवपारा दुर्ग निवासी सुमित ठाकुर बताया है। गांजा की कीमत 85 हजार रुपए आंकी गई है।

# आग से झुलसी महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग कोतवाली थाना का मामला

मकान विवाद के कारण न्यायालय से केस हारने के बाद शरीर पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला की मौत हो गई। मामले मामले को पुलिस ने जांच में लिया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि शबारानी पचरीपारा दुर्ग में किराए के मकान में रहती थी। उस मकान को खरीदने के लिए कई बार मकान मालिक को अवगत कराया था। लेकिन मकान मालिक उसे बेचने नहीं चाहता था, बल्कि उससे खाली करवाना चाहता था। इसे लेकर दोनों का केस न्यायालय में चल रहा था। केस हारने के बाद न्यालय व पुलिस कर्मी उसके मकान में खाली कराने पहुंचे थे तब महिला ने कमरे में घूसकर शरीर पर मिट्टी तेल उंडेल कर आत्महत्या का प्रयास किया था। जिसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल उपचार के लिए लेकर जाया गया। जहां गंभीर अवस्था में होने से महिला को रायपुर रेफर किया है। महिला 95 प्रतिशत तक बुरी तरह जल गई थी। उपचार के बाद महिला की मौत हो गई।

## म्यूल खाते का उपयोग करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** बैंक खाते में अवैध रकम ट्रांसफर होने की शिकायत होने पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के द्वारा म्यूल खाता के नंबर को लेकर जेना स्माल फायनेंस बैक सुपेला की जानकारी पुलिस को हुई। खाता धारक वैशाली नगर निवासी मोहम्मद गुलाम अंसारी ने जेना स्माल फायनेंस बैक सुपेला में खाता खुलवाकर ऑन लाईन ठगी की रकम ट्रांसफर करवाता था। 16 अक्टूबर 2024 से अवैध रूप से धन अर्जित कर 12.78 लाख रुपए के ऑनलाइन ठगी की रकम को खाता में जमा कराया।



## पत्नी और भांजा पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मिलपारा डिपरापारा दुर्ग निवासी गैदी बंजारे ने शिकायत किया कि पारिवारिक विवाद के बाद अपनी बहन घर पर रहती थी। 29 जनवरी की रात पति दुर्गा बंजारे, भांजा धनराज, पीड़ित के बहन के घर पहुंचा। गाली-गलौच करते हुए मारपीट किया। जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी दुर्गा बंजारे गला दबाया। बीच-बचाव करने पहुंचे भांजा धनराज को आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस टीम ने आरोपी दुर्गा बंजारे मिलपारा डिपरापारा दुर्ग को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। आरोपी ने स्वीकार किया घटना को उसी ने अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी से कटर जब्त किया है।








## खबर संक्षेप



### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन खुली रही शराब दुकान, की शिकायत

दुर्ग। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन राज्य सरकार द्वारा शराब दुकानों को खुले रखने के निर्णय के विरोध में शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने आबकारी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता शराब दुकानों तक भी पहुंचे, जहां दुकान खोले जाने को लेकर जानकारी ली। बाकलीवाल ने कहा कि आजादी के बाद यह पहला मौका है, जब देश के इस महान सपूत की पुण्यतिथि के दिन शराब दुकान खोलने का निर्णय भाजपा सरकार ने लिया है। अब जनता को समझना है कि जिनके हाथों में सत्ता दी गई है वह किस हद तक नशाखोरी को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस ने इस निर्णय को राष्ट्रपिता के विचारों, मूल्यों एवं नैतिक दर्शन के विपरीत बताया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि महात्मा गांधी जी आजीवन नशामुक्त समाज, नैतिकता और आत्मसंयम के पक्षधर रहे। ऐसे दिन शराब की बिक्री को अनुमति देना न केवल शासन की असंवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि यह राष्ट्रपिता के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना पर भी कुठाराघात है। इस दौरान संजय कोहले, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, गुरदीप भाटिया, आनंद ताम्रकार, मनीष बघेल, देवेश्री साहू, अयूब खान, पार्षद दीपक साहू, अश्वनी निषाद, ज्ञानदास बंजारे, भास्कर कुंडले, अब्दुल गनी, बृजलाल पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### विभागीय परीक्षा केंद्र का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण



दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन गृह-सी विभाग विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा का आयोजन 27 जनवरी से 3 फरवरी तक किया जा रहा है। इस परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी को परीक्षा केंद्र के रूप में नामांकित किया गया है। परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने बीआईटी पहुंचकर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

# भिलाई-3 चरोदा की सड़कें बदहाल, रोड पर जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई-3 चरोदा नगर निगम क्षेत्र में कई सड़कें जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं। जगह-जगह सड़कें उखड़ चुकी हैं और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जीई रोड से नगर निगम कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर इतने बड़े हैं कि वाहन चालकों को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क से रोजाना बड़ी संख्या में लोग नगर निगम कार्यालय, बाजार और आसपास के वार्डों की ओर आते-जाते हैं। सड़क पर बने गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई बार अचानक गड्ढे आने से वाहन असंतुलित हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक सुबह और शाम के समय इस मार्ग पर यातायात दबाव अधिक रहता है। वहीं, रात के समय दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। वहीं नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा ने कहा कि शहर सरकार मस्त है और आम जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि कई वार्डों में लोग आज भी मूलभूत परेशानियों से जूझ रहे हैं।

**लोगों का गुजरना हुआ मुश्किल, शिकायत का भी असर नहीं**





### निगम क्षेत्र में ही व्यवस्था सवालों में

लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह सड़क नगर निगम कार्यालय तक जाती है, इसके बावजूद हालत बदतर है। नागरिकों का कहना है कि यदि निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों की यह स्थिति है, तो बाकी अंदरूनी इलाकों की सड़कों का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि नगर निगम जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कार्य शुरू करे। साथ ही गड्ढों को भरकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए ताकि आने-जाने में परेशानी कम हो और दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

**मनरेगा बचाओ संग्राम : शहर व ग्रामीण जिला कांग्रेस ने दिया धरना**

# 8 जगहों पर कांग्रेस ने किया चक्काजाम कांग्रेसियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**मनरेगा में हुए संशोधन को वापस लेने व धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग**

दुर्ग/ कुम्हारी/अंडा/जामुल/सेलूद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर के दिन 30 जनवरी यानी शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग और ग्रामीण जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में सांकेतिक चक्काजाम और धरना प्रदर्शन किया गया। दुर्ग में पटेल चौक, बजरंग चौक सेलूद, उमदा रोड भिलाई-3, मुख्य चौक अंडा, बस स्टैंड अहिवारा, तरुण सांस्कृतिक भवन के पास जामुल, बाजार चौक बोरी, स्टेशन चौक कुम्हारी में सांकेतिक चक्काजाम किया गया। इस दौरान करीब 10 मिनट तक मुख्य सड़क को जाम किया गया। शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल और राकेश ठाकुर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने किसानों व मनरेगा श्रमिको के साथ किसानों की धान खरीदी की समय-सीमा तत्काल बढ़ाने, मनरेगा कानून को बंद करने और रोजगार से वंचित रसखने की साजिश के खिलाफ संघर्ष तथा भाजपा सरकार की किसान-विरोधी एवं श्रमिक-विरोधी नीतियों के खिलाफ जनआक्रोश प्रकट किया।

### मनरेगा में बदलाव को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



दुर्ग। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मजदूरों, किसानों एवं ग्रामीण परिवारों से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मनरेगा योजना में किए गए बदलावों तथा धान खरीदी प्रक्रिया में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि मनरेगा योजना वर्षों से ग्रामीण गरीबों और मजदूर वर्ग की आर्थिक रीढ़ रही है, लेकिन वर्तमान में इसके नाम एवं स्वरूप में किए गए बदलाव, कार्य दिवसों में कटौती और जटिल प्रक्रियाओं के कारण मजदूरों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है और पलायन की स्थिति बन रही है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। लगभग 20 प्रतिशत किसान आज भी अपनी उपज बेचने से वंचित हैं, क्योंकि उन्हें अब तक टोकन नहीं मिल पाए हैं। इससे किसान आर्थिक संकट और मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि धान खरीदी की समय-सीमा तत्काल बढ़ाई जाए तथा शेष सभी किसानों को शीघ्र टोकन जारी कर खरीदी सुनिश्चित की जाए। मांग की गई कि मनरेगा योजना कें स्वरूप में किए गए बदलाव को वापस लिया जाए। पूर्व निर्धारित कार्य दिवसों को बहाल किया जाए। धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाकर सभी किसानों को उनका अधिकार दिलाया जाए। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू, राजेश यादव, आर.एन. वर्मा, संजय कोहले, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, गुरदीप भाटिया आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार के खिलाफ फूटा गुस्सा



ग्रामीण क्षेत्रों में 7 प्रमुख चक्काजाम व धरना स्थलों पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान, मनरेगा श्रमिक एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। सभी स्थानों पर आंदोलन पूरी तरह अहिंसात्मक रहा, किंतु सरकार के खिलाफ तेवर बेहद आक्रामक और स्पष्ट थे। हाथों में बैनर-तख्तियां लेकर किसानों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की गई।सड़क के दोनों ओर बैठकर सांकेतिक चक्काजाम किया गया। धान खरीदी की तिथि बढ़ाने तथा मनरेगा को पुनः पूर्ण रूप से लागू करने की मांग उठाई गई। उमदा रोड भिलाई-3 में धान खरीदी की धीमी प्रक्रिया और मनरेगा बंद करने की साजिश को लेकर विरोध दर्ज करया गया। अंडा में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग की गई। बस स्टैंड अहिवारा में कांग्रेसजन किसानों व मनरेगा श्रमिको के साथ प्रतीकात्मक चक्काजाम कर आम नागरिकों को आंदोलन के उद्देश्य से अवगत कराया गया। हाई स्कूल तरुण सांस्कृतिक भवन के पास जामुल, बाजार चौक बोरी और स्टेशन चौक कुम्हारी में भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सेलूद में आशीष वर्मा, राजेश ठाकुर, मोहन साहू, सिरसा गेट भिलाई 3 में मेयर निर्मल कोसरे, कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल, श्रीकांत वर्मा, डॉ. अशोक देशलहरा, अंडा चौक में नंदकुमार सेन, देवेंद्र देशमुख, दिनेश पटेल, टिकेश्वरी देशमुख, पुकेश चंद्राकर, रिवेंद्र यादव, कुम्हारी में मनहरण यादव, प्रमोद राजपूत, राजेंश्वर सोनकर, जामुल में कमलेश साहू, मन्नु यादव, सुनीता चन्नेवार, सरोजनी चंद्राकर, संजय देशलहरा, इस्माईल आजाद मौजूद थे।

# जी राम जी योजना ग्रामीण विकास का आधार : तेखन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बोरई एवं दमोदा में जन जोहार चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष तेखन सिन्हा ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। योजना की बारीकियों को सरल भाषा में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना केवल रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव के समग्र विकास, सम्मानजनक आजीविका और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत आधार है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम एवं भ्रामक प्रचार को तथ्यों के साथ स्पष्ट किया।

- जनपद पंचायत दुर्ग बोरई और दमोदा में आयोजित

चौपाल में बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर भाई–बहन उपस्थित रहे। ग्रामीणों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर मिलने पर सभी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### इसमें 125 दिन मिलेगा काम

तेखन सिन्हा ने कहा कि जहां मनरेगा में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जाती है, वहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 125 दिनों तक रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पलायन पर रोक लगेगी। उन्होंने यह भी बताया कि कार्य पूर्ण होने के बाद मात्र 7 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया है, जिससे मजदूरों और किसानों को समय पर मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा।

### जी राम जी योजना प्रभावी और दूरगामी माध्यम

जनपद पंचायत की अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने पंचायतों की समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र समाधान हेतु कार्ययोजना बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारतयोजना ग्रामीणों को साथ लेकर गांव के विकास का एक प्रभावी और दूरगामी माध्यम सिद्ध होने जा रही है। जन चौपाल को राजू यादव अध्यक्ष सरपंच संघ, गायत्री पुरुषोत्तम साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुखदेव देवांगन, ईश्वर देवांगन, दीपक सिन्हा, पुरुषोत्तम साहू, दानेश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन, 2026 यूजीसी कानून वापस लेने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव रोकने और 2026 के नए यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला प्रशासन कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया।

- यूजीसी 2026 कानून को वापस लेने की मांग



इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी और प्रभुनाथ मिश्रा के नेतृत्व में एसडीएम उत्तम ध्रुव को सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि यूजीसी 2026 कानून को शीघ्र वापस लिया जाए, क्योंकि इससे समाज में जातिगत भेदभाव की भावना उत्पन्न होने की आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से इस विषय पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि इस कथित काला कानून को शीघ्र वापस लिया जाए। इस दौरान शशिकांत तिवारी, प्रभुनाथ मिश्रा, सुमित शर्मा, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, अभिषेक पांडे, सुरेंद्र शर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी, पीयूष मिश्रा, नमिता शर्मा, काजल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# भिलाई निगम के कर्मियों ने दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय में गहन श्रद्धा और सम्मान के साथ दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौन धारण के माध्यम से उपस्थित जनों ने शहीदों के त्याग, समर्पण और बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वातावरण पूर्णतः शांति, संवेदना और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर यह संदेश भी दिया गया कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए शहीदों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यालय में एक साथ आयोजित इस मौन श्रद्धांजलि कार्यक्रम ने शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया गया।

**नाम संशोधन हेतु- शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता चुनेलाल विश्वकर्मा आयु 55 साल पिता सूरतराम विश्वकर्मा, पता मुड़भादुर तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी. छत्तीसगढ़ निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूँ:-

1. यह कि मेरी सुपुत्री का पुराना नाम शालू विश्वकर्मा आत्मज चुनेलाल विश्वकर्मा, पता ग्राम मुड़भादुर तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी. है। वर्तमान नया नाम एकता विश्वकर्मा पिता चुनेलाल विश्वकर्मा ग्राम मुड़भादुर तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी. छत्तीसगढ़ है।
2. यह कि परिवर्तित वर्तमान नाम एकता विश्वकर्मा पिता चुनेलाल विश्वकर्मा ग्राम मुड़भादुर तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी. छत्तीसगढ़ के नाम से नाम शालू विश्वकर्मा विलोपित किया जाए।
3. यह कि मेरी पुत्री पुराने नाम शालू विश्वकर्मा के स्थान पर नाय नाम एकता विश्वकर्मा के नाम से जानी एवं व्यवहार में लाई जाएगी तदनुसार नाम परिवर्तित किया जाए जिसकी पुष्टि में मेरा यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अतएव नाम संशोधन हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापनः-**

मैं शपथकर्ता चुनेलाल विश्वकर्मा सत्यापन करता हूँ कि शपथपत्र की कं. 1, 2, 3 मेरे निजि ज्ञान से सही एवं सत्य है अतः आज दिनांक 06.01.2026 में हस्ताक्षर कर सत्यापन किया।

स्थान- खैरागढ़ चुन्नेलाल
दिनांक - 06.01.2026 शपथकर्ता










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों एवं रसोईयों के आंदोलन को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का समर्थन, दोहराई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, मजदूर कार्यकर्ता समिति की ओर से कलादास डेहरिया ने कहा कि डीएड सहायक शिक्षक अभ्यर्थियों की भर्ती के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश पारित किए जा चुके हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा इन आदेशों का पालन करने के बजाय उनका उल्लंघन किया जा रहा है। कोर्ट की अवमानना से बचने के उद्देश्य से सरकार द्वारा आनन-फानन में जो सूची जारी की गई है, उसमें भी गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। सूची में शामिल कई अभ्यर्थियों की पात्रता संदेहास्पद है। इसके बावजूद पूर्णतः पात्र अभ्यर्थियों को यह कहकर बाहर किया जा रहा है कि वे पुनः नई भर्ती प्रक्रिया में शामिल हों।

- जारी सूची में गंभीर अनियमितता का आरोप

विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का स्पष्ट वादा किया गया था। स्वयं मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र के दौरान लिखित रूप में स्वीकार किया है कि प्रदेश में हजारों शिक्षक पद रिक्त हैं और अनेक विद्यालय बंद होने की कगार पर हैं। वहीं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा भी 33 हजार शिक्षकों की भर्ती का आश्वासन दिया गया है। पूर्णतः पात्र 1316 डीएड सहायक शिक्षक अभ्यर्थी, जो पिछले 35–40 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं, उनकी तत्काल नियुक्ति की जाए तथा चुनावी घोषणा पत्र में किए गए 57 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ की जाए। इसी प्रकार रसोइया संघ पिछले 20 से 22 वर्षों से वेतन विसंगति एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत है। मात्र 66 रुपये प्रतिदिन की दर से मेहनताना दिया जा रहा है, जो किसी भी दृष्टि से मानवीय नहीं है। इस अवसर पर महेश साहू, रमाकांत बंजारे,नीरा डेहरिया एवं बिट्टू कौशल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दुर्ग राज कुर्मी समाज का राज अधिवेशन कल

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज का राज अधिवेशन 1 फरवरी रविवार को ग्राम मोरिद में होगा। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन होंगे। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष खोडश राम करेंगे। संयोजक राजप्रधान ईश्वरी वर्मा होंगे। विशिष्ट अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा, महापौर निर्मल कोसरे एवं सभी राज के राज प्रधान होंगे। सभास्थल के निरीक्षण के लिए दुर्ग राज प्रधान ईश्वरी वर्मा उप राजमंत्री दिनेश वर्मा, सह सचिव खिलेश वर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा ,क्षेत्र प्रधान मोहिंद्र वर्मा ग्राम के प्रबुद्ध जन बलदाऊ वर्मा ग्राम प्रमुख वर्मा एवं समस्त ग्रामवासियों ने कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की एवं कार्य विभाजन किया। सभा स्थल बाजार चौक मोरिद का अवलोकन किया।

## निधन

### ग्रेसी कोशी

**भिलाई।** ग्रेसी कोशी 76 वर्ष का 28 जनवरी को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 1 फरवरी को बटालियन मार्ग स्टील कॉलोनी के पास वाले कब्रिस्तान में दोपहर 3.30 बजे किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान मकान नंबर 1-ए, सड़क 26, सेक्टर 8 से दोपहर 2.30 बजे कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे बीएसपी कर्मी बिनोद कोशी की मां थीं।

### पवित्री देवी



**भिलाई।** ब्लॉक नंबर 1, प्लॉट नंबर 12, न्यू कृष्णा नगर निवासी स्व. नथुनी की पत्नी पवित्री देवी (82 वर्ष) का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 31 जनवरी को सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भरत प्रसाद, बलराम व महेश नारायण की मां एवं अभिषेक की दादी थीं।

### मिनोती चक्रवर्ती



**भिलाई।** ग्राम दादर निवासी मिनोती चक्रवर्ती (64 वर्ष) का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम दादर चरोदा में किया गया। वे नवो कुमार चक्रवर्ती की पत्नी, तारक नाथ, शंभू नाथ चक्रवर्ती की मां एवं अधिवक्ता विकास चौधरी की डेढ़ सास थीं।

नारधी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली कष्ट दे रही ग्रामीणों को

# राशन का चावल नहीं मिल रहा गरीबों को सेल्समैन की भूमिका पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

**खाद्य मंत्री बघेल ने कहा - जांच कर उठाएंगे सख्त कदम**



**नहीं हुई कार्रवाई**

पाटन एसडीएम को कई बार शिकायत किए हैं लेकिन कार्रवाई अभी तक नही हुई है। राशन दुकान महीने में 3 दिन खुलती है। इससे कार्डधारी परेशान होते हैं किसी को नमक तक नही दिया जाता। राशन दुकान गांव की महिला समूह को दिए जाने की मांग की गई है।

**धनश्याम ठाकुर,** सरपंच नारधी

**दोषी पर कार्रवाई की जाएगी**

एक ही व्यक्ति के द्वारा 11 दुकान चलाना संभव नहीं है। तत्काल जॉच समिति बना कर जांच करवा लेंगे और दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

**दयालदास बघेल,** खाद्य मंत्री छत्तीसगढ़

पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत नारधी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) गरीबों के लिए राहत नहीं, बल्कि पीड़ा की वजह बनती जा रही है। हालात इतने बदतर हैं कि गांव के करीब 40 राशन कार्डधारकों को महीनों से चावल सहित राशन सामग्री नहीं मिला है। सवाल सीधा है जब शासन गरीबों के हक का चावल भेज रहा है, तो वह गरीब की थाली तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पाटन विधानसभा क्षेत्र में गरीबों के चावल की बड़ी खेप कालाबाजारी की भेंट चढ़ चुकी है। राशन दुकानों पर समय पर वितरण नहीं हो रहा, सेल्समेन मनमानी कर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। इससे भी गंभीर बात यह कि एक ही व्यक्ति के कंधों पर पूरे पाटन ब्लॉक की 11 राशन दुकानों का बोझ डाल दिया गया है। क्या यही व्यवस्था है क्या एक व्यक्ति इतने बड़े दायित्व को ईमानदारी से निभा सकता है ।

ग्राम के मुखिया ने भी इस मामले को गंभीर बताया है। उनका साफ कहना है कि जिस व्यक्ति को राशन दुकान दी गई है, वह समय पर चावल वितरण नहीं करता। ग्राम पंचायत ने दुकान को हटाकर किसी स्थानीय समिति को देने की मांग की, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर यह मांग फाइलों में दबकर रह गई। इस पूरे मामले में पाटन एसडीएम लवकेश कुमार ध्रुव की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने पहले राशन दुकान संचालक को हटाने का आदेश जारी किया, फिर उसी आदेश में संशोधन कर दिया।

यह कोई पहला मामला नहीं है। ग्राम पंचायत कोव्ही और सोनपुर में भी पहले इसी तरह की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। लेकिन हर बार लीपापोती कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। न तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हुई, न ही व्यवस्था में कोई सुधार दिखा। जरूरत है कि पूरे पाटन ब्लॉक की राशन दुकानों की निष्पक्ष जांच हो, एक व्यक्ति के पास सौंपी गई 11 दुकानों की व्यवस्था पर तत्काल रोक लगे और दोषी अधिकारियों व संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। वरना यह सवाल जनता पूछती रहेगी गरीबों का चावल आखिर जा कहां रहा है?





## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोबाइल का दुष्परिणाम बताया ग्रामीणों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**■ विद्यार्थियों ने रैली निकाल दिया जागरुकता का संदेश**

बीएम महाविद्यालय द्वारा ग्राम पीसेगांव में एक दिवसीय सामुदायिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव, एमएल साव प्राचार्य, सरपंच द्रोपती देशमुख, सचिव रश्मि सिंह राजपूत द्वारा मां सरस्वती के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित और पुष्प अर्पण कर किया गया ।

विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता, नशा, बाल विवाह संबंधित नारा लगाकर जागरूक किया। वहीं आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर बाल विवाह रोकने शपथ दिलाया गया। सर्वे फॉर्म लेकर विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर वहां की स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता संबंधी जानकारी प्राप्त की। स्कूली बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चो का प्रदर्शन सराहनीय रहा। महाविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक भवन में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य कि प्रस्तुति के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोबाइल के दुष्परिणाम को बताया गया। सरपंच द्रोपती देशमुख ने बीएम कॉलेज द्वारा आयोजित सामुदायिक शिविर के आयोजन की प्रशंसा की। आभार व्यक्त बी एड विभागाध्यक्ष टुकुनी दलाई ने की।

## एक सप्ताह से सड़क मार्ग बंद, ग्रामीणों की परेशानी के बावजूद प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

**■ मवेशी की दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने किया रास्ता बाधित, आवागमन प्रभावित**



गोडपेंडरी स्कूल के पास से फुंडा सब्जी बाड़ी होते हुए रायपुर रोड तक जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग पिछले एक सप्ताह से पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन को अब तक इसकी भनक तक नहीं लगी है। जानकारी के अनुसार, उक्त मार्ग पर मवेशी की दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने की घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर लकड़ियाँ रखकर रास्ता बाधित कर दिया, जिससे इस मार्ग से होने वाला आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। सड़क बंद होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग का उपयोग क्रेशर एवं पत्थर खदानों से निकलने वाले भारी वाहनों द्वारा बड़े पैमाने पर किया जाता था। सड़क बंद होने के बाद अब इन भारी वाहनों को नहर पार के रास्ते से निकाला जा रहा है, जिससे शासन की सिंचाई नहर को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहनों के आवागमन से नहर की संरचना लगातार खराब हो रही है, लेकिन संबंधितनहर विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। राहगीरो ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क मार्ग को शीघ्र खुलवाया जाए, दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था की जाए तथा भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए, ताकि आम जनता और सरकारी संपत्तियों को नुकसान न हो।

## अंचल की खबरें

### निकाली गई वीर सपूतों की झांकी



**धमधा।** नगर में वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ पर वीर सपूतों का सजीव प्रदर्शन झांकी के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय के संस्कृत शिक्षा प्रभारी कक्ष के दिशा- निर्देश पर संस्कृति रक्षा संवर्धन हेतु धमधा, पाटन एवं दुर्ग में ब्लॉक स्तर पर कराया गया। इसी अंतर्गत धमधा खण्ड में बाजार मैदान में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सूबेदार अशोक चौहान धमधा ने झांकी का अवलोकन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के साथ वंदे मातरम के रचनाकार बंकिम चंद्र चटर्जी और आनंद मठ के रचयिता रविंद्र नाथ टैगोर जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेड़सरा के सचिन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एनसीसी परेड का सलामी हुआ। दूसरा प्रदर्शन स्काउट सहित रेड क्रॉस ने सलामी दी। पश्चात वीर, सपूतों, बलिदानियों का क्रमशः सजीव रूप में छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग वाहन पर सवार होकर अनेकों क्रांतिकारियों के रूप में दिखाई दे रहे थे।

### संत कबीर साहेब की वाणी हमेशा प्रासंगिक : कल्पना



**जामगांव आर।** बेल्हारी मे त्रि दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग समारोह के समापन अवसर पर मुख्यअतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग थे। मंच पर लालेश्वर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन और भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू मंचासिन रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में संत कबीर साहेब के अनुयायी सत्संग समारोह में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के आसंदी से जिला सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि संत कबीर साहेब की वाणी प्रासंगिक थी ,है और सदा रहेगी। साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि संत कबीर साहेब की वाणी अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने में मददगार होती है। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि जिसने भी संत कबीर साहेब की वाणी को आत्म सात किया उनको जीवन जीने की दिशा मिल गई। इस अवसर पर रामसिंह बंसोड, भेनकुमार चंद्राकर, हलधर महामल्ला, इन्द्रकुमार साहू, भावेश, दाऊराम साहू, रामअवतार सेन,प्राण साहू, नरेंद्र साहू, डिलेन्द्र साहू, रामबाई साहू, येमीन साहू, सुनीता साहू, सावित्री साहू, माधुरी साहू, सत्यावती साहू, सहित समस्त श्रोतागण उपस्थित रहे।

### कुम्हारी में 'आई स्पर्धा 2026' का भव्य आयोजन



**कुम्हारी।** द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, के कुम्हारी परिसर में चार दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालयीय/अंतर-विभागीय खेल एवं सांस्कृतिक स्पर्धा "आई स्पर्धा 2026" का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 24 खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस पूरे खेलोत्सव के समापन पर मुख्य अतिथि डॉ. राजीव चौधरी की विशेष उपस्थिति रही। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस. डी. पांडेय ने की एवं कुलसचिव डॉ अर्चि दुबे भी उपस्थित रहीं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डॉ. एस. डी. पांडेय ने "विकसित भारत" की संकल्पना को साकार करने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्पर्धा में मुख्य अतिथि डॉ.राजीव चौधरी प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का सर्वांगीण विकास केवल शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण के समन्वय से संभव है। अंत में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### दिल्ली से लौटने पर सरपंच का किया सम्मान



**अंडा।** 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के बाद दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत झोला (पोस्ट तिरगा) की सरपंच बसंती निषाद छत्तीसगढ़ लौटने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने अनुभव साझा किए और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जानकारी दी। सरपंच बसंती निषाद का चयन भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में किया गया था। उनके चयन को दुर्ग जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में गर्व का विषय माना जा रहा है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सरपंच ने ग्राम पंचायत झोला में शिक्षा, स्वच्छता, कुपोषण मुक्त अभियान, बाल विवाह रोकथाम, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए ग्राम पंचायत के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह उपलब्धि निषाद (केवट) समाज सहित पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे उनके प्रयासों से अन्य पंचायतों को भी नई दिशा मिलेगी।

### चंद्रशेखर को मिला उत्कृष्ट किसान प्रतिभा सम्मान



**पाटन।** पाटन राज मनवा कुर्मी समाज द्वारा के अधिवेशन में विशेष उत्कृष्ट किसान प्रतिभा का सम्मान सीएस एग्रो नर्सरी के संचालक चंद्रशेखर वर्मा व सहयोगी नरेंद्र वर्मा को सम्मानित किया गया। मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष ने उन्हें सम्मानित किया।

**बिजनेस साइट**

### उम्र भर परेशान कर सकता है सड़क हादसों से जुड़ा खतरा



**भिलाई।** जनवरी से नवम्बर 2025 के बीच लगभग 25 हजार लोगों की सड़क हादसों में मौत हो गई। इससे दोगुनी से भी अधिक संख्या में लोग घायल हो गए। सड़क हादसों में हड्डियों का टूटना या चटखना आम बात है। पर ये चोटें तब और गंभीर हो जाती हैं जब वहां की मांसपेशियां भी जख्मी हो जाती हैं और त्वचा फट जाती है। इससे हड्डियों के संक्रमित होने का खतरा बढ़ जाता है जो कभी कभी उम्र भर परेशान करते हैं।

हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार सिन्हा बताते हैं कि हड्डियों के संक्रमित होने के कारण जख्म को कई-कई बार खोलना पड़ जाता है। इसलिए बड़े अस्पतालों में पूरी कोशिश होती है कि पहले जख्म का इलाज किया जाए। इसके लिए घाव की अच्छे से सफाई करनी होती है। मरीज के होशोहवास में रहते यह कठिन होता है इसलिए मरीज को एनेस्थीसिया देकर यह सफाई करनी पड़ती है। हड्डियों की सर्जरी यदि बहुत जरूरी न हो तो मरीज को पहले दो तीन दिन एन्टीबायोटिक पर रखा जाता है। इससे शरीर में पनपने वाले दूसरे संक्रमण काबू में आ जाते हैं। इसके बाद की गई सर्जरी कहीं ज्यादा सेफ होती है। इसमें मरीज के संक्रमित होने का खतरा बहुत कम हो जाता है और बुखार आदि जैसी समस्याएं भी नहीं आतीं। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त होकर पहुंचे। उनके घुटने, कलाई और कूल्हे में चोटें थीं। कलाई की चोट खुली हुई थी। इसलिए पूरा सावधानी से पहले उसकी सफाई की गई। अच्छी बात यह रही कि सर्जरी के बाद उन्हें किसी भी प्रकार का संक्रमण नहीं हुआ और न ही कभी बुखार आया। रिकवरी भी अच्छी है और उम्मीद है कि जल्द ही वे चलने-फिरने लगेंगे और कलाई भी पूर्ववत काम करने लगेगी।

## ढौर में शिव मंदिर से शिवलिंग व नंदी प्रतिमा चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



पाटन विकासखंड पाटन के ग्राम ढौर में असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक आस्था पर हमला किए जाने की घटना सामने आई है। ग्राम के बड़े तालाब परिसर में स्थित शिव मंदिर से अज्ञात चोरों ने शिवलिंग एवं नंदी प्रतिमा चोरी कर ली। यह मंदिर साहू परिवार द्वारा लगभग 60 वर्ष पूर्व निर्मित कराया गया था, जो ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए शिवलिंग और नंदी प्रतिमा को अपने साथ ले गए। सुबह जब श्रद्धालु नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो प्रतिमाएं गायब देखकर स्तब्ध रह गए। तत्पश्चात तत्काल इसकी सूचना ग्रामवासियों को दी गई। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। पूरे गांव में आक्रोश और चिंता का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसे केवल चोरी की घटना नहीं, बल्कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला गंभीर कृत्य बताया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र पहचान एवं गिरफ्तारी की जाए, साथ ही मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



### शिक्षक संवर्ग के समस्याएं बताई अधिकारी को

**पाटन।** छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला -दुर्ग के कार्यकारी जिलाध्यक्ष चंचल कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में छ.ग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन वि.खं-पाटन, जिला -दुर्ग (छ.ग) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा एवं पाटन वि.खं के कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन डालेन्द्र कुमार देवांगन से मुलाकात की। इस दौरान वि.खं-पाटन अंतर्गत कार्यरत समस्त शिक्षक संवर्ग की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के क्रम में रखकर अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण करने हेतु ज्ञापन दिया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाटन ने उक्त समस्याओं के अतिशीघ्र नियमानुसार निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया। जिसमें छ.ग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन वि.खं पाटन के उपाध्यक्ष हरिशंकर देवांगन, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत तिवारी शामिल थे।

अंडा में जनचौपाल का आयोजन किया कांग्रेस ने

# भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म कर गरीबों का आजीविका अधिकार छीन रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में कांग्रेस पार्टी द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को मनरेगा के अधिकार, रोजगार की अनिवार्यता और भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किए जाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू,अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर, प्रभारी राजेंद्र साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा न केवल मनरेगा का नाम बदलने की कोशिश कर रही है, बल्कि इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की दिशा में भी काम कर रही है। राजेन्द्र साहू ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को खत्म करने पर आमादा है। उन्होंने जोर दिया कि कांग्रेस पार्टी और आम जनता मिलकर इस योजना को समाप्त नहीं होने देगी।

जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस पुकेश चन्द्रकार ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को उद्योगपतियों की सरकार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार गरीबों और मजदूरों के हाथ से रोजगार छीनकर बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही है। ने कहा कि मनरेगा को कमजोर करना ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है।भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है और यह दिखा रही है कि विपक्ष केवल नाम बदलने का विरोध कर रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण देवेंद्र देशमुख ने कहा की "असलियत यह है कि पूरी योजना को खत्म कर दिया गया है। नए प्रावधानों में रोजगार की कोई गारंटी नहीं है, काम केवल वहीं मिलेगा जहां केंद्र तय करेगा और उतना ही जितना बजट आवंटित होगा।" इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, कार्यक्रम प्रभारी राजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग,राकेश हिरवानीअध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस पुकेश चंद्राकर,ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, पूर्व सभापति टिकेश्वरी देशमुख, सरपंच अंडा दिग्विजय सिन्हा, प्रशांत पांडे,गीता महानंद, तीरथ चंद्राकर, बैकुंठ महानंद, प्रवीण चंद्राकर, यशवंत चंद्राकर, बंजारे, डॉ चेलक, तेजराम चौहान,जितेंद्र साहू, रोशन साहू सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नशे की दवा के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** नशे की दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सब्जी मंडी के पास एक युवक को नशे की दवा बेचने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया । आरोपी से पूछताछ करने पर शक्ति नगर दुर्ग निवासी नितेश यादव अपना नाम बताया है। तलाशी लेने पर आरोपी नितेश के जेब से नशीली प्रतिबंधित टैबलेट अल्फाजोलम के कुल 13 पैकेट जब्त किया। जिसमें 195 टेबलेट कीमत 78 हजार और बिक्री रकम 500 बरामद हुआ। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है।

### बाइक रैली कल

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा शहर में 1 फरवरी को बाइक रैली निकाली जाएगी। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने बताया कि रैली सुबह 110 बजे हुडको स्थित श्री राम चौक से प्रारंभ होकर खुर्सीपार श्री राम चौक तक जाएगी। यात्रा का नेतृत्व डॉ. एसके अग्रवाल भिलाई नगर चुनाव प्रभारी, आम आदमी पार्टी करेंगे।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड 4, लक्ष्मी पारा जामुल निवासी भोजनारायण निषाद 29 जनवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मृतक के पास से पुलिस को सुसाइडल नोट भी मिला है जिसमें घरेलू हिंसा का शिकार बताया है। आरोप लगाया है कि पत्नी से तंग आकर घटना को अंजाम दे रहा है। फिलहाल जामुल पुलिस कर रही है जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## लेबर कोड से कमजोर होगा यूनियन बनाने व हक के लिए लड़ने का अधिकार

# देशव्यापी हड़ताल के लिए यूनियनें मेहनतकशों को कर रहीं एकजुट, भ्रमित नहीं होने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल सहित देश के सरकारी उद्योगों व उपक्रमों के निजीकरण और नई चार श्रम संहिताओं के खिलाफ 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए के लिए यूनियनों ने कर्मियों को मेहनतकशों को एकजुट करना शुरु कर दिया है। सीटू ने हड़ताल को विफल करने के सरकार के संकेतों को मौलिक अधिकारों का हनन बताते हुए लोगों से दिग्भ्रमित नहीं होने की अपील की जा रही है।

उल्लेखनीय है किलेबर कोड सहित केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय यूनियनों ने बीएसपी सहित सेल के अन्य सभी यूनिटों में हफ्तेभर पूर्व सरकार और प्रबंधन हड़ताल का नोटिस दे दिया है। इसके तहत सीटू, इंटक, एटक, एचएमएस और एक्टू आदि संयुक्त यूनियन ने बीएसपी को भी हड़ताल की सूचना दे दी है। इसके साथ इसे सफल बनाने के लिए तैयारी शुरु कर दी है। सीटू के मुताबिक सरकार द्वारा हड़ताल को असफल बताने के लिए ट्रेड यूनियनों को औद्योगिक विकास रोकने और औद्योगिक बंद को बढ़ावा देने का जिम्मेदार बताना अनुचित और भ्रामक है। औद्योगिक बंद के लिए सरकार की श्रमिक व जन विरोधी नीतियां जिम्मेदार हैं न कि ट्रेड यूनियन अंदोलन। सरकार ने श्रम संहिताएँ इस दृष्टिकोण से बनाई गई हैं कि यूनियन बनाने के अधिकार को कमजोर करना और श्रमिकों को नियोक्ता वर्ग के हमलों के सामने असहाय छोड़ना है। महिला श्रमिकों के लिए नाइट शिफ्ट अनिवार्य कर दिया गया है। और मौलिक अधिकारों सीमित कर दिया गया है। यूनियन ने हड़ताल को लेकर मजदूरों से गुमराह नहीं होने की अपील की है।

### 12 फरवरी को हड़ताल के आह्वान का बीएसपी को दिया है नोटिस

#### हितों के लिए सामूहिक सौदेबाजी का मिला है हक

भारतीय श्रमिकों के लिए संगठन का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1) (सी ) के तहत मौलिक अधिकार है। सीटू यूनियन के मुताबिक यह अधिकार ट्रेड यूनियन्स अधिनियम, 1926 द्वारा विनियमित है, जो यूनियन गतिविधियों के लिए पंजीकरण और कानूनी प्रतिरक्षा प्रदान करता है। यह सामूहिक सौदेबाजी और श्रमिकों के हितों के प्रतिनिधित्व को सक्षम बनाता है। चार श्रम संहिताएँ हों, श्रम शक्ति नीति, मनरेगा का विघटन, विभिन्न प्रोत्साहन कार्यक्रम, या देश के संसाधनों के निजी लाभ के लिए अधिग्रहण को तेज करने वाले कानून सभी भारतीय राज्य के आक्रामक पुनर्गठन का हिस्सा हैं।



#### औद्योगिक विवादों में गिरावट

लेबर ब्यूरो की रिपोर्ट 'औद्योगिक विवाद, बंद, छँटनी और छूट' के मुताबिक औद्योगिक विवादों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2023 में 17 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुँच गई, जब सितंबर 2023 तक केवल 30 विवाद दर्ज किए गए। यह 2006 के विपरीत है, जब विवादों की संख्या 430 थी, 2008 में 421 और 2007 में 389 ।2006 से 2014 तक औसत औद्योगिक विवादों की संख्या 354 थी, लेकिन 2015 से 2023 के बीच यह संख्या तेजी से घटकर केवल 76 रह गई। 2018 से हर साल कुल औद्योगिक विवाद 100 से कम रहे हैं। इसके अलावा, देश के विभिन्न राज्यों में कानूनी और अवैध औद्योगिक बंद की घटनाएँ उन राज्यों में अधिक हैं जहाँ ट्रेड यूनियन आंदोलन कमजोर या नगण्य है ।

#### दो लाख से अधिक निजी उद्योग बंद

यूनियन के अनुसार संसद में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बी कहा कि पिछले पाँच वर्षों में 2,04,268 निजी कंपनियाँ कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत विलय, रूपांतरण, विघटन या नाम काटे जाने के कारण बंद हुईं। यूनियनों के अनुसार औद्योगिक इकाइयों को बंद करने के लिए ट्रेड यूनियनों के औद्योगिक विवाद जिम्मेदार नहीं हैं। अर्थव्यवस्था के अनियंत्रित केंद्रीकरण और वित्तीयकरण ने, एमएसएमई और उत्पादक क्षेत्र की इकाइयों को कमजोर किया है।

## केंद्रीय बजट से पूर्व व्यापारियों व उद्योगपतियों ने अपने सुझाव, अपेक्षाएं और अनुभव किए साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर भिलाई के व्यापारियों में उत्साह

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा केंद्रीय बजट से पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर व्यापारियों और उद्योगपतियों की राय जानने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने किया। बैठक में भिलाई सहित आसपास के व्यापारियों एवं उद्यमियों में बजट पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर विशेष उत्साह देखने मिला। व्यापारियों ने अपने सुझाव, अपेक्षाएं और अनुभव सांझा किए।

प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि बजट पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण व्यापारियों और उद्योगपतियों की वास्तविक समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। छत्तीसगढ़ के व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और अब समय आ गया है कि उनकी अपेक्षाओं को नीति निर्माण में गंभीरता से शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि टैक्स सरलीकरण, एमएसएमई को आसान ऋण, स्थानीय उद्योगों को संरक्षण, डिजिटल व्यापार में सहूलियत और रोजगार सृजन जैसे विषयों पर चेम्बर सरकार को ठोस सुझाव देगा। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गर्गीशंकर मिश्रा ने कहा कि भिलाई क्षेत्र के व्यापारी उद्योग-अनुकूल नीतियों की अपेक्षा कर रहे हैं। स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने, लॉजिस्टिक लागत कम करने और टैक्स से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों के समाधान की आवश्यकता है।

स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने कहा कि देश की जीडीपी को मजबूत करने के लिए स्वदेशी उद्योगों, स्थानीय उत्पादन और छोटे उद्यमों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कार्यक्रम में सुमन कन्नोजे, सविता शर्मा, टीना सतपुते, राकेश मल्होत्रा, रितेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।




## जवाहर मार्केट का होगा कायाकल्प, यूनिपोल की भी स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल एवं अपर आयुक्त सह सचिव राजेन्द्र कुमार दोहरे की मौजूदगी में महापौर परिषद की बैठक हुई। बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे, राजस्व वृद्धि और जन सुविधाओं से जुड़े विभिन्न एजेंडा पर गहन चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मार्केट के उन्नयन एवं विकास कार्य के लिए संविदा निष्पादन और कार्यादेश जारी करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। जल्द ही यहाँ विकास कार्य



■ महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्यों पर लगी मुहर

शुरू होंगे। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 5 नग बैकहो लोडर क्रय करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। परिषद सदस्यों ने इस पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए प्रस्ताव को संशोधित कर पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

#### नगर निगम दीनदयाल स्टेडियम की दुकान किराए से देगा

खुर्सीपार स्थित पंडित दीनदयाल मिनी स्टेडियम खेल परिसर में नवनिर्मित दुकानों को अस्थाई किरायेदारी पर देने के प्रस्ताव पर समिति ने अपनी सहमति दे दी है। निगम क्षेत्र के अंतर्गत यूनिपोल स्थापना, संधारण और विज्ञापन संबंधी कार्यों को सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिससे निगम की आय में वृद्धि होगी। कुरूद स्थित सुंदरविहार में प्रस्तावित कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना को लेकर भी बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मालती ठाकुर सहित उपायुक्त डी.के. कोसरिया, लेखाधिकारी चंद्र भूषण साहू, सहायक अभियंता अजय गौर, उप अभियंता शशिकांत वर्मा, अर्पित बंजारे, देवराज राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार



**भिलाई।** शराब के अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास के तहत मुखबिर की सूचना पर ग्राम कंडरका एवं डीएमसी कंपनी के पास अवैध रूप से शराब बेचा जा रहा था। कुम्हारी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से ग्राम कंडरका कुम्हारी निवासी डोमन साहू 40 पाव देशी मसाला शराब और वीरू धीवर से लिमतारा से 40 पाव शराब जब्त किया। जिसकी कीमत 8 हजार रुपए जब्त किया।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

03



बच्चों को पढ़ाई के लिए दे रहे हैं फोन तो कर लें ये उपाय

## लाइव इवेंट

### आईआईटी भिलाई फेज-ए प्रोजेक्ट को मिली पांच-स्टार रेटिंग



**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उसके फेज-ए कैंपस डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को 5 स्टार ग्रिहा एलडी लार्ज डेवलपमेंट्स रेटिंग मिली है, जो ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट फ्रेमवर्क के तहत सर्टिफिकेशन का उच्चतम स्तर है। यह रेटिंग ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट काउंसिल ने द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से दी है।

यह अवॉर्ड 28 जनवरी को रायपुर में आयोजित 9वें ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट रीजनल कॉन्क्लेव में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई को औपचारिक रूप से दिया गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश ने यह अवॉर्ड गेस्ट ऑफ ऑनर, श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त किया। ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट हरे-भरे भवनों और आवासों के लिए भारत का राष्ट्रीय रेटिंग सिस्टम है, जिसे पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ डिज़ाइन, निर्माण और संचालन प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया गया है। जबकि ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट और व्यक्तिगत भवनों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। बड़े पैमाने पर विकास जैसे कैंपस, टाउनशिप और पड़ोस के पर्यावरणीय प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। 50 हेक्टेयर या उससे अधिक साइट क्षेत्र वाली परियोजनाएं इस श्रेणी के तहत पात्र हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई का फेज़-ए प्रोजेक्ट 2024 की शुरुआत में पूरा हो गया था और 20 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थायी कैंपस को राष्ट्र को समर्पित किया। फेज़-ए कैंपस, जो संस्थान का मुख्य शैक्षणिक और आवासीय इंफ्रास्ट्रक्चर है, ने सस्टेनेबल प्लानिंग और रिसोर्स एफिशिएंसी में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 5-स्टार रेटिंग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई की पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार विकास और एक ग्रीन, भविष्य के लिए तैयार कैंपस बनाने की मज़बूत प्रतिबद्धता को दिखाती है। यह पहचान संस्थान के सस्टेनेबिलिटी की दिशा में लगातार प्रयासों और लचीले और ऊर्जा-कुशल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ तालमेल को मज़बूत करती है।

## सिटी इवेंट

### लाइब्रेरी प्रभारी डॉ. दिलीप चौधरी बेस्ट एकेडमिक अवार्ड से सम्मानित



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ लाइब्रेरी एसोसिएशन के तत्वावधान में पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यभर से पुस्तकालयकर्मी, प्राध्यापक, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के छात्र, शोधार्थी तथा शिक्षा जगत से जुडे.अनेक नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुस्तकालय आंदोलन को सशक्त करना तथा अध्ययन और शोध की संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा। मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि पुस्तकालय उच्च शिक्षा की रीढ़ है और ज्ञान आधारित समाज के निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। लाइब्रेरी में पढ़ने से आपसी संवाद ज्यादा होता है, इससे मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने लाइब्रेरियन को गुरू का दर्जा दिया। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए पुस्तकालयों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर निगम बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी ने कहा कि पुस्तकालय वास्तव में जनता का विश्वविद्यालय है, जहां समाज के हर वर्ग को सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के लाइब्रेरी प्रभारी डॉ. दिलीप चौधरी को पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु इनोवेटिव लाइब्रेरी प्रोफेसनल्स ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी अत्मानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. यूके श्रीवास्तव, गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश तिवारी, संघ के अध्यक्ष डॉ. कुंदन, सचिव डॉ. अविनाश सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा उपाध्यक्ष बिहारीलाल पटेल, डॉ. रामकीर्तन तिवारी उपस्थित थे।

### गोंडवाना युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

**दुर्ग।** केन्द्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ की जिला महिला इकाई एवं गोंडवाना महिला मित्र समिति द्वारा 1 फरवरी को बूढ़ादेव देवालय सिविल लाइन में गोंडवाना युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। परिचय सम्मेलन की शुरुआत सुबह 10 बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। सम्मेलन शाम 5 बजे तक चलेगा। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक युवतियों को मंच पर आकर अपना परिचय देने का अवसर मिलेगा। युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने पंजीयन करवाना अनिवार्य है। केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर और प्रमुख सलाहकार सीताराम ठाकुर ने बताया कि समाज के लोगों को अपने विवाह योग्य बच्चों के लिए रिश्ता ढूंढने में आ रही परेशानियां को देखते हुए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। परिचय सम्मेलन में युवक युवती को अपना जीवन साथी चुनने सामाजिक मंच मिलेगा।

## त्रिदिवसीय आध्यात्मिक सद्ज्ञान महायज्ञ निर्मल ज्ञान मंदिर में का तृतीय दिवस आयोजित

# गुरु के मार्ग पर चल कर जीवन को बना सकते हैं सुखद व सफल कबीर के दोहों की बताई प्रासंगिकता, वंदना कर किया भजन

**भिलाई। त्रिदिवसीय आध्यात्मिक सद्ज्ञान महायज्ञ का 57वां वार्षिक स्थापना महोत्सव निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में अंतिम दिन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्रांतिकारी युवा संत अभय साहेब संस्थापक कबीर पारख निकेतन बिहार, संत गुलशन साहेब हरियाणा, संत हिरेंद्र साहेब धमतरी, संत यतींद्र साहेब नागपुर ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही कबीर पंथियों ने देह दान कर समाज सेवा का संदेश दिया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोगो ने जांच कराई। तीन दिवसीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के कई कबीर आश्रम से संत और साध्वी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न चरणों में ध्वजारोहण, मंगलाचरण, गुरु वंदना, भजन सत्संग आयोजित की गई। भजन संध्या में जागृति सार्वा, साध्वी सुमन, राधेश्याम साहू, गीतांजलि, डालेश्वरी और चोवाराम के साथ ही दूर-दूर से आए कलाकारों ने भी अपनी सहभागिता दी।**



### मनुष्य जीवन परमार्थ के लिए मिला है निजी स्वार्थ के लिए नहीं: संत अभय



इस कार्यक्रम में क्रांतिकारी युवा संत अभय साहेब संस्थापक कबीर पारख निकेतन कहलगांव जिला भागलपुर बिहार ने अपने प्रवचन के माध्यम से संत कबीर के वाणी के दोहों की प्रासंगिकता को स्पष्ट करते हुए बताए कि गुरु के मार्ग पर चल कर ही हम अपने जीवन को सुखद और सफल बना सकते हैं। हमें मनुष्य जीवन परमार्थ के लिए मिला है निजी स्वार्थ के लिए नहीं। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम् की महत्ता को सरल रूप में भक्तों को समझाया। साथ ही उन्होंने लोगो को धन जोड़ने की बजाय कर्म के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाने की बात कही। हमें अपने अंदर समाए हुए कुविचार को निकाल कर बल, बुद्धि और विवेक से आत्मा से परमात्मा के मिलन के साथ ही पुण्य करने वाले पुण्यात्मा, महान काम करने वाले महात्मा, अंतर मन की उपज अंतरात्मा जैसे कई उदहारण के माध्यम से गुरु के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जीवन में आने कष्टों के निवारण के उपाय बताते हुए दैनिक जीवन में उपयोगिता और महत्व को भक्तों के सामने रखा।

### भगवान, भक्त और संत के बीच परम्परा का करें निर्वहन

युवा संत अभय साहेब ने संत कबीर के निर्गुण और सगुण भक्ति परम्परा के अर्थ को स्पष्ट और सरल रूप में बताया। इसके साथ ही भगवान, भक्त और संत के बीच इस परम्परा का निर्वहन कैसे और किस तरह होता है इसे भी विस्तार से उपस्थित भक्तों को समझाया। इसके साथ ही संत गुलशन साहेब हरियाणा, संत हिरेंद्र साहेब धमतरी, संत यतींद्र साहेब नागपुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



### रहे उपस्थित, दी सहभागिता

कार्यक्रम में उत्तम साहू, दलजीत सिंह, जितेन्द्र, फूलचंद साहू, शिव साव, भोपाल कलिहारी, चंद्र मोहन साव, डॉ. दीनदयाल साहू, तिलक वर्मा, विजयकांत, भरतलाल, लालजी साहू, संतोष कुमार सुरेश कुमार भुखउ राम के साथ ही कबीर आश्रम ट्रस्ट और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों में डॉ हीरालाल साहू, आत्मा राम साहू, पी डी साहू, शिव कुमार साव, उर्मिला साहू, गौकरण लाल साहू, फकीर राम साहू, वेद प्रकाश साहू, प्रेमलता साहू, लक्ष्मी साहू आदि मौजूद थे।

### शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभावान हुए सम्मानित

तीन दिवसीय आयोजन के समापन समारोह में शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम रोशन करने वाले प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कबीर पंथियों ने देह दान कर समाज सेवा में अच्छा संदेश दिया। हाईटेक हॉस्पिटल स्मृति नगर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई। एक अन्य समाजसेवी संस्था द्वारा निःशुल्क रक्त और शर्करा परीक्षण की गई।



# भगवान लंगूरवीर मंदिर का वार्षिक महोत्सव आज श्रद्धालुओं का लगेगा मेला और झूला

**दुर्ग।** भगवान लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार के वार्षिक महोत्सव पर 31 जनवरी को दुर्ग मंडई मेला की खुशियां बिखरेगी। यह आयोजन परंपरानुसार भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार दुर्ग पब्लिक ट्रस्ट द्वारा किया गया है। जिसमें धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और आधुनिक रोमांचकारी झूलों का श्रद्धालु आनंद उठाएंगे।

वार्षिक महोत्सव को यादगार बनाने इस वर्ष मंदिर ट्रस्ट द्वारा भगवान लंगूरवीर की आरती रिलीज की जाएगी। इसका शुभारंभ प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और आरती गीत को स्वर देने वाले प्रसिद्ध गायक कांतिकार्तिक यादव के हाथों किया जाएगा। इसके अलावा मंदिर में कलयुग का महामंत्र रामलेखन महायज्ञ की शुरुआत की जाएगी। श्रद्धालुओं द्वारा लिखा गया यह राम



■ भगवान लंगूरवीर की आरती गीत एवं रामलेखन महायज्ञ का होगा शुभारंभ

पुस्तिका प्रत्येक वर्ष के दिसंबर माह में अयोध्या धाम में भगवान रामलला के चरणों में समर्पित की जाएगी। राम लेखन के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा बड़ी पुस्तिका की व्यवस्था की गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक कलाकार जितेंद्र साहू कृत सोनहा बादर, प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी, भजन गायक लीलाधर चतुर्वेदी सूरदास, प्रसिद्ध गायक नीलकमल वैष्णव, भजन गायक खिलेश यादव, प्रसिद्ध बांसुरी वादक ओपी देवांगन की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होगी। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

विशेष अतिथि के रूप में महापौर अलका बाघमार, एमआईसी सदस्य हर्षिका संभव जैन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, समाजसेवी मानसी गुलाटी, सुश्री पायल जैन मौजूद रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार दुर्ग पब्लिक ट्रस्ट के सचिव रविशंकर ढीमर ने बताया कि भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर का वार्षिक महोत्सव और दुर्ग मंडई मेला की शुरुआत सुबह 7 बजे भगवान श्री लंगूरवीर के महाअभिषेक और पूजा अर्चना के साथ होगी। यह पूजा अर्चना की प्रक्रिया मंदिर के पंडित खेमंत प्रसाद तिवारी (राजू महाराज) के सानिध्य में पूर्ण कराई जाएगी। इसके अलावा सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रात 9 बजे से शुरू होगी।

## अभिषेक मिश्रा मेमोरियल हेल्थकेयर लीग 2026 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# व्हाइट टाइगर्स को हराकर ब्लू रेडर्स ने जीता खिताब

**भिलाई।** जुनवानी स्थित श्री शंकराचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अभिषेक मिश्रा की स्मृति में आयोजित पांचवें रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में मेडिकल कॉलेज की 6 टीम ने भाग लिया। फाइनल मैच ब्लू रेडर्स और व्हाइट टाइगर्स के बीच खेला गया। इसमें ब्लू रेडर्स ने 39 रन से विजय प्राप्त की। ब्लू रेडर्स के कप्तान डॉ. वैभव गुप्ता और उप कप्तान डॉ. प्रियेश राव ने इसे पूरी टीम की जीत बताया। संस्था के चैयरमेन आईपी मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए छात्र जीवन में खेल का महत्व बताया। साथ ही शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवन में क्रिकेट और



अन्य खेलों का महत्व भी समझाया।आयोजन समिति के डॉ. वैभव गुप्ता, डॉ. राहुल रामटेके, डॉ. प्रियेश राव, सपन मिरि, चैतन्य गर्ग और दिव्यवर्धन सिंह ने टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कॉलेज प्रबंधन, अतिथियों और दर्शकों का आभार जताया।

## सस्टेनेबिलिटी एवं ग्रीन इंजी. में इंडस्ट्रियल इंजी. प्रोफेशनल्स की भूमिका पर हुई संगोष्ठी

# संसाधनों के कुशल उपयोग और पर्यावरण संरक्षण में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग महत्वपूर्ण

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर भिलाई चेप्टर के तत्वावधान में सस्टेनेबिलिटी और ग्रीन इंजीनियरिंग में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग प्रोफेशनल्स की भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व सीईओ विनोद कुमार अरोरा उपस्थित थे। अध्यक्षता वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने की। संगोष्ठी में उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग प्रोफेशनल्स ने सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान पूर्व सीईओ विनोद अरोरा ने कहा कि सस्टेनेबिलिटी और ग्रीन इंजीनियरिंग को व्यवहार में उतारने में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग प्रोफेशनल्स की भूमिका महत्वपूर्ण है।



### स्व सहायता समूह, कुटीर और लघु उद्योगों पर दिया जोर

संगोष्ठी के दौरान इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग टूल्स का उपयोग कर ऊर्जा की बचत, लागत में कमी तथा पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए केस स्टडी और व्यावहारिक उदाहरणों के द्वारा बताया। साथ ही एआई तकनीक का उपयोग विभिन्न संगठनों एवं महिलाओं के स्व सहायता समूह, कुटीर एवं लघु उद्योगों, कृषि आदि में करने पर जोर दिया गया। सभी उपयुक्त जगहों पर रिनिवेबल एनर्जी स्रोतों जैसे सौर उर्जा, पवन ऊर्जा, जल शक्ति ऊर्जा का अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया गया ताकि भावी पीढ़ी के लिए खनिज, पेट्रोलियम, वन आदि संपदा को सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर इंजीनियर केके गुप्ता, प्रदीप तिवारी, सत्यनाथ साहूकार, सुशील हरिरमानी, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अन्य उद्योगों के सीनियर इंजी. व प्रोफेशनल डॉ कांति लाल विश्वकर्मा, एसके डोगरा, केके गुप्ता, जेसीरे, बीके सराफ, संतोष अग्रवाल, आरएल. ढीढी, मोहम्मद आरिफ खान, सत्यनाथ साहूकार, सुशील हरिरमानी, एन. नागेश्वर राव, देवेंद्र पाल सिंह, अवनीश दुबे, विवेक गुप्ता आदि मौजूद थे।

### ग्रीन इंजी.केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि ग्रीन इंजीनियरिंग केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट में कमी, संसाधनों का उपयोग, कार्बन उत्सर्जन में कमी एवं सतत विकास को पूरा करने की समग्र सोच शामिल है। इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग की तकनीकें जैसे टाइम एवं मोशन स्टडी, एर्गोनामिक्स, फाइव एस, सिक्स सिग्मा, वैल्यू इंजीनियरिंग, वेस्ट एलिमिनेशन, प्रोसेस ऑप्टिमाइजेशन, रिसाइकिलिंग, लाइन बैलेंसिंग एवं डेटा-आधारित निर्णय सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग प्रोफेशनल्स उद्योगों, नगर निकायों, सेवा क्षेत्रों तथा सामाजिक विकास परियोजनाओं आदि में ग्रीन एनर्जी प्रैक्टिसेस को लागू कर आर्थिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं एवं प्रोफेशनल्स से अपने कार्यक्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।



## स्पोर्ट्स इवेंट

### फुल कांटेक्ट कराते में 220 महिला खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**भिलाई।** सांसकृतिक भवन वैशाली नगर में फुल कॉन्टेक्ट कराते की संस्था कारा-कु-जु-बो- काई कान फुल-कॉन्टेक्ट कराते के विंटर कैम्प का आयोजन संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरी राव द्वारा किया गया। जिसमें दुर्ग जिले के विभिन्न फुल-कांटेक्ट कराते के क्लबों के लगभग 220 महिला व पुरुष खिलाड़ी शामिल हुए। प्रथम सत्र के अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर व स्वामी नारायण गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य पलाश जयसवाल उपस्थित थे। समापन समारोह के अतिथियों में एचटीसी के डायरेक्टर इन्दरजीत सिंग (छोटू), आरोग्य भारती अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ. मानसी गुलाटी व , दिव्या भसीन ,दुष्यंत , पलाश घोष, इमरान, मल्कित सिंग, जोगा राव व तीसरे अंतिम सत्र में पवन केसरवानी, मोहसिन भाई, विनोद यादव, प्रवीण सिंग, अशोक सोनी, शहजाद व शमीम भाई उपस्थित थे।

पहले सत्र में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच काफी रोमांचक खेल हुए। द्वितीय सत्र में सांसकृतिक कार्यकम प्रारंभ हुए। जिसमें सभी क्लबो के छात्र-छात्राओं ने बहुत सुन्दर व उत्साहवर्धक प्रस्तुति दी। तृतीय सत्र में अलग-अलग क्लबों के लिये खिलाड़ियों ने स्वयं लकड़ी व ईंटे लाकर चूल्हा बनाकर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। इस पूरे कार्यक्रम व इस शीतकालीन शिविर को सम्पन्न कराने में संस्था के वरिष्ठ ब्लैक बेल्ट अरविंद चंदेल, दीपक गुप्ता, जेपी राजू, गांधी सोनी, भरतलाल साहू, श्रवन कुमार साहू, सुभाष सोनी, मनोज नेताम, विधि मिश्रा, काजल बेहरा, दीपेश आहुजा, ओमप्रकाश सेन, मोनप्रीत कौर लहरी, रौशन बेहरा, अक्षत चंद्रा, अमरकांत तिवारी व महक हुसैन व सभी ब्लैक बेल्ट्स उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

### दिव्यांग शारदा को राज्यपाल ने किया सम्मानित, पुस्तक का भी विमोचन



**भिलाई।** दिव्यांगजनों के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल के अंतर्गत रायपुर स्थित लोक भवन, सिविल लाइन में समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानी और छत्तीसगढ़ के वीर पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया। राज्यपाल ने दोनों ही पुस्तकों को बहुत उपयोगी बताया और साथ ही साथ इन पुस्तकों को अन्य राज्यों के साइट्स पर उपलब्ध कराने की बात कही है। इन ब्रेल बुक्स को अन्य राज्यों के दृष्टि बाधित लोग इन मोटिवेशनल स्टोरी को पढ़ सकें। दृष्टिबाधित बच्चों के लिए तैयार की गई 3100 से अधिक ऑडियो बुक्स का भी राज्यपाल ने विमोचन किया। इसके पहले भी के. शारदा एवं प्रीति शांडिल्य द्वारा संयुक्त रूप से ब्रेल पुस्तक का निर्माण कर छत्तीसगढ़ के 20 ब्रेल स्कूलों को 100–100 प्रतियां स्वयं के व्यय पर निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थीं। ऑडियो बुक्स में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के सभी विषयों के साथ-साथ कॉम्पिटिटिव परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष प्लेलिस्ट भी उपलब्ध कराई गई है। कक्षा छठवीं से लेकर 12वीं तक के सभी विषय, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े प्लेलिस्ट, सरगुजिया कहानियां, छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में सामान्य ज्ञान, हल्बी,पंजाबी, छत्तीसगढ़ी में अलग-अलग प्लेलिस्ट उपलब्ध है। शारदा को वर्ष 2024 में राष्ट्रपति अवार्ड मिल चुका है।

### सकल जैन समाज के पदाधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** जैन समाज के विभिन्न घटक दलों के साथ भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग की सामान्य सभा विगत दिनों ऋषभदेव परिसर में आयोजित की गई। सर्वसम्मति से योगेश बरडिया को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, जिनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। बरडिया ने बनाई अपनी टीम में विभिन्न घटक दलों से पदाधिकारीयों को मनोनीत किया है, जिसमें अध्यक्ष योगेश बरडिया, उपाध्यक्ष मनीष बड़जात्या, प्रभात सांखला, प्रवीण बोथरा, आकाश पारख को बनाया गया। महामंत्री की जिम्मेदारी विजय कोठारी को सौंपी गई। सहमंत्री के रूप में अक्षय जैन, राहुल बरमेचा, संभव श्रीश्रीमाल, नीतेश पारख को शामिल किया गया। वहीं संदीप निमाणी कोषाध्यक्ष का पद संभालेंगे। प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी नवीन संचेती को सौंपी गई। नई कार्यकारिणी गठन के बाद बैठक रखी गई। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी, कार्यक्रम की रूपरेखा, साधु-साध्वी का सानिध्य फंड व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा की गई। इसके बाद जैन समाज के विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारियों एवं जैन समाज के सभा समितियों के साथ मिलकर कार्यक्रम का निर्धारण किया गया।

### प्रतिस्पर्धा और तेज रफ्तार जीवन में युवा मानसिक दबाव से जूझ रहे



**रायपुर।** शुक्रवार को क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स द्वारा आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी के सहयोग से किया गया। क्लब ऑफ रायपुर क्वीन्स के अध्यक्ष रोटेरियन दीपिंदर कौर रहाल एवं सचिव रोटेरियन प्रभजीत कौर भाटिया ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रोटेरियन डॉ. एला गुप्ता ने अपने सशक्त, संवेदनशील एवं प्रेरणादायक सत्र के माध्यम से युवाओं को मानसिक संतुलन, आत्म-स्वीकृति एवं सकारात्मक सोच का महत्व समझाया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तेज रफ्तार जीवन में युवा वर्ग तनाव, अवसाद, आत्म-संदेह एवं मानसिक दबाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है।

● ओजस समाज सेवा समिति का आयोजन, यातायात के नियमों की दी जानकारी

# मेरे सपनों का भारत 2047 की थीम पर नौनिहालों ने भरे कल्पनाओं में रंग

**भिलाई।** बच्चे देश का भविष्य है और बचपन से ही उन्हें राष्ट्र के प्रति संवारा जाए तो देश शक्तिशाली ही बनेगा। इस थीम को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद सेना और उनके संघर्षो के बारे में बताया गया। ओजस समाज सेवा समिति के तत्वावधान में बच्चों की संवेदनाओं को समझने और उनकी कल्पनाओं को उड़ान भरने देने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन रिसाली में आयोजित किया गया। मेरे सपनों का भारत 2047 की थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के सैंकडो. की संख्या में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद सेना और बोस की जीवनी के बारे में बताया। ओजस समाज सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित बच्चों की कल्पनाओं की उड़ान को समझने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें क्लास चौथी से 8वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में रिसाली क्षेत्र से विभिन्न स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लेकर कल्पनाओं में रंग भरे। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनो का भारत 2047 रखा गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को चित्र के माध्यम से दर्शाया।





#### बच्चे देश का भविष्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते है, वो देश के लिए क्या सपने देखते हैं इस विषय को ध्यान में रखकर ही चित्रकला प्रतियोगिता का विषय रखा गया। कार्यक्रम में समिति की सचिव सुषमा सिंह, सह सचिव संजू शुक्ला, मीनाक्षी सहगल, कोषाध्यक्ष नीलिमा भगत, सह कोषाध्यक्ष अंजली बिसेन, अरूणिमा बिसेन, पर्णिता शर्मा सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।



#### शिक्षा का स्तर सर्वोच्च है तो देश का विकास स्वभाविक- ललिता

समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह ने बताया कि बच्चों ने शिक्षा का स्तर, न्याय और पर्यावरण, जल ही जीवन पर फोकस करते हुए एक से बढ़कर एक चित्र बनाये। जिसमें बताया कि किसी भी देश में अगर शिक्षा का स्तर सर्वोच्च है तो देश का विकास स्वभाविक ही होगा। उन्होंने कहा कि हमारे नौनिहालों के सपने अंतरिक्ष पर पहुंचकर अपने देश का परचम लहराना चाहते हैं। कार्यक्रम में जजमेंट स्पोकन इंग्लिश क्लासेस का के एस गिरी और पूर्व माध्यमिक शाला महकाकला की प्रधान पाठिका गायत्री वर्मा ने बच्चों की प्रतिभाओं का बारिकी से आंकलन कर निर्णय दिया।

#### आजाद हिंद सेना की जानकारी

कार्यक्रम में ओजस महिला समिति अध्यक्ष ललिता सिंह द्वारा अतिथियों का सम्मान कर स्वागत भाषण दिया गया और आभार संजू शुक्ला ने व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद शीला नारखेडे, अंबिका सॉग, धनौरा प्रधान पाठिका पुष्पा सिंह, रूआबांधा प्रधान पाठिका ज्ञानेश्वरी मिश्रा, नागेंद्र मरावी उपस्थित रहे। के एस गिरी ने बच्चों को सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद सेना और बोस की जीवनी के बारे में बच्चों को बताया।

#### चित्रकला में यह बच्चे रहे विजेता

चित्रकला प्रतियोगिता में ग्रुप ए में क्लास 4 से क्लास 6 तक के बच्चे शामिल हुए। जिसमें प्रथम हिमांशी हिरवानी शारदा विद्यालय, द्वीतीय तनिष्का सिंह सेमीनेट पब्लिक स्कूल, तृतीय दिब्यासू शर्मा रिसाली प्राथमिक शाला, सांत्वना पुरस्कार जयन्त हिरवानी शारदा विद्यालय, हर्षिता साहू धनौरा स्कूल, संगीता टंडन, अरबाज खान, अदिती महतो पी एम श्री रूआबांधा स्कूल को पुरस्कृत किया गया। ग्रुप बी में क्लास 7वीं से 8वीं में प्रथम सानिया शाह क्लास 7 वीं शासकीय माध्यमिक शाला रूआबांधा, द्वीतीय करीना बारले शासकीय माध्यमिक शाला रूआबांधा, तृतीय नमन कुमार महतो शारदा विद्यालय, सांत्वना पुरस्कार आयना खरे शारदा विद्यालय, दामनी कुर्रे तान्या शाह, लोकेंद्र प्रसाद साहू धनौरा माध्यमिक शाला विजेता रहे।

प्रतियोगिता में विजेता सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चें, अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे।

## ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

### जेसीआई ने लगाई नेकी की पाठशाला युवा शक्ति, राष्ट्र भक्ति का दिया संदेश



**दुर्ग।** हर वर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी जेसीआई दुर्ग-भिलाई ने गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में युवाओं को राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देश के प्रति जिम्मेदारी, कर्तव्य और सेवा भाव को जागृत करना रहा। यह कार्यक्रम जेसीआई दुर्ग-भिलाई के तत्कालीन अध्यक्ष जेसी संतोष रानू कुमार की अध्यक्षता में इंदिरा मार्केट एसोसिएशन, नवदृष्टि फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स महिला इकाई, कैट, कैट महिला विंग एवं वॉइस ऑफ छत्तीसगढ़ के साथ इंदिरा गांधी की प्रतिमा के समक्ष किया गया। अनिल बल्लेवार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर की भूमिका गुंजा पिंचा ने निभाई, जो कैट महिला विंग में सचिव के दायित्व का भी निर्वहन कर रही हैं। कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर के रूप में रोमित केसरवानी एवं डायरेक्टर-इन-चार्ज के रूप में कमलेश राजा ने अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। कार्यक्रम में शारदा गुप्ता, पवन बड़जात्या, मोहम्मद हिरानी, अशोक राठी, दिलीप मारोटी, राज अड़तिया एवं कुलवंत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जेसीआई की पब्लिक रिलेशन ऑफिसर ट्विंकल खेमुका पारख ने बताया कि इस आयोजन से एक दिन पूर्व जूनियर विंग द्वारा नेकी की पाठशाला के अंतर्गत निराश्रित बच्चों के लिए ड्रॉइंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन वनीशा अग्रवाल एवं सक्षम सिन्हा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अंजू गजवानी, रेखा महेश्वरी, शालिनी अग्रवाल, दिव्या चांडक, अमित मेश्राम, गौतम देशलहरा, करण तिवारी, अपर्णा बक्शी, नितीशा मोदी, कैलाश साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## आत्मरक्षा अभियान

### हायर सेकंडरी स्कूल की 66 बालिकाएं सीख रही कराते के गुर



**भिलाई।** रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा अभियान को अंतर्गत शासकीय स्कूल की बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोढ़ी में इंटर नेशनल कराते प्रशिक्षक आचार्य हरीश द्वारा 9वीं और 11वीं के 66 बालिकाओं को कराते प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था की प्राचार्य अनिता मरकाम ने बताया कि कराते प्रशिक्षक आचार्य हरीश के सिखाने की टेक्निक हट कर है। बच्चियों को बहुत ही सरलता से व कराते के बारीकियों को बखूबी बताते हैं, जिसका लाभ बालिकाएं ले रही हैं। इससे सीखकर बालिकाएं अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकती हैं। शिक्षक कमलेश जोशी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य यही हैं कि बालिका अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके विपत्तियों के समय विरोधियों का सामना कर मुंहतोड़ जवाब दे सकें। प्रशिक्षण में विशेष रूप से पीटीआई सुधा बलिहारिया, शिक्षक कमलेश जोशी का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### थैंक्यू भिलाई का आयोजन 2 फरवरी को

**भिलाई।** शपथ फाउंडेशन द्वारा थैंक्यू भिलाई आयोजन 2 फरवरी को शाम 4 बजे से पायनियर मॉन्यूमेंट, सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा। आयोजन का यह 8वां वर्ष है। आयोजन की शुरुआत इस वर्ष भी सद्भावना दौड़ से होगी, जिसमें हर आयु वर्ग के भिलाईवासियों की सहभागिता रहेगी। इसके पश्चात भिलाई में जन्मे-पले और अपने कार्यों से शहर का नाम रोशन करने वाली विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति में गुब्बारे उड़ाकर औपचारिक रूप से थैंक्यू भिलाई कहा जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 9 विशिष्ट व्यक्तियों को नवरत्न सम्मान, शहर के विकास व सामाजिक सेवा में सक्रिय संस्थाओं और प्रमुख संगठनों व प्रतिनिधियों को विशिष्ट सेवा सम्मान भी प्रदान किया जाएगा। आयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनक राम ने की नई कार्यकारिणी की घोषणा

# तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए बनाई रूपरेखा, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कूर्मि भवन, सेक्टर-7 भिलाई नगर में आयोजित किया गया। तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जनक राम वर्मा द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई और सभी पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कार्यकारी इकाई प्रमुख के रूप में आत्माराम नायक, उपाध्यक्ष के पद पर चन्द्रकांत वर्मा, राकेश धुरंधर, राजेश वर्मा, महासचिव विजेन्द्र कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सरजू राम वर्मा, महिला प्रमुख मधु वर्मा, युवा प्रमुख प्रकाश बंछोर, अंकेक्षक नारायण बर्छिहा, मीडिया प्रभारी दुर्गेश बघेल को दायित्व सौंपा गया। सचिव पद पर सुधीर खिचरिया, दिनेश वर्मा, छम्मन लाल वर्मा, सतीश वर्मा, पीलाराम वर्मा, डाकेश्वर वर्मा, विजय वर्मा, उपेन्द्र वर्मा, अजय वर्मा, रामकुमार वर्मा एवं भरतलाल वर्मा को नियुक्त किया गया। सह-सचिव के रूप में पुरेन्द्र वर्मा, गजानंद वर्मा, नारायण प्रसाद वर्मा, नारायण प्रसाद बघेल, सूर्यकांत नायक, खेमलाल वर्मा, लेखराम वर्मा, खूबचंद वर्मा, गोविंद वर्मा, रमेश वर्मा, मनहरण वर्मा एवं विजय वर्मा को शामिल किया गया।इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कृतराम मढ़रिया, मोतीलाल वर्मा, राधेश्याम वर्मा, गिरीश वर्मा, गिरीश मढ़रिया, कृष्ण कुमार वर्मा, किशोर वर्मा, ललित वर्मा, योगेन्द्र वर्मा, टीकाराम चन्द्रवंशी, कृष्ण कुमार वर्मा (उमरपोटी), भगवती चरण मढ़रिया, तोरण लाल वर्मा, महेंद्र मोहन धुरंधर, गोपाल आडिल, जयप्रकाश वर्मा, मुकेश वर्मा, कमलेश धुरंधर, ऋषि कुमार वर्मा एवं गोविन्द प्रसाद वर्मा को दायित्व प्रदान किया गया।





#### कार्यक्रम में की शिरकत

कार्यक्रम में सलाहकार चंद्रकुमार वर्मा, गोपाल परगनिहा, स्थायी और विशेष सदस्यों में गैंदलाल वर्मा, सियाराम कश्यप, जगदीश वर्मा, गोपालकृष्ण वर्मा, जी एन नायक सहित समाज के प्रबुद्ध जनों रूपा वर्मा, अरुणी वर्मा, मंजू नायक, सुरेखा धुरंधर, बेला बंछोर, माधुरी खिचरिया, डेकेश्वर वर्मा, रमेश कुमार वर्मा, राकेश वर्मा, फत्तेलाल वर्मा, तामेश्वर वर्मा, विष्णु बंछोर, गोविंद लाल वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, गुलाब वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

#### सेक्टर प्रतिनिधियों ने भी ली शपथ

इस दौरान सेक्टर प्रतिनिधियों का भी शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के सदस्य रामसेवक वर्मा, गिरिवर आडिल, माखन लाल वर्मा, सुदर्शन वर्मा, राजप्रधान ईश्वरी वर्मा, मिथिला खिचरिया और पूर्व अध्यक्ष कोमल धुरंधर ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई साथ ही समाज हित में एकजुट होकर, कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का संदेश दिया, जिससे समाज निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो। कार्यक्रम का संचालन आत्माराम नायक व विजेंद्र कुमार वर्मा ने किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को स्वर्ण व रजत



**रायपुर।** 7वीं एनटीपीसी पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक पटियाला पंजाब में किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ तीरंदाजी की 20 सदस्य टीम हिस्सा ले रही है। मुरारका ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के दो तीरंदाजो ने दो मैडल प्राप्त किए हैं। इनमें व्यक्तिगत स्पर्धा में तोमन कुमार ने रजत पदक पर कब्जा जमाया और टीम स्पर्धा में तोमन कुमार एवं अमित कीर्तनिया ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया। इसके लिए छत्तीसगढ़ पैरा तीरंदाजी टीम को छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री अरुण साव सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं दी है। टीम के प्रशिक्षक मनमोहन पटेल हैं।

### रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ का हैदराबाद से मुकाबला जारी



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टूबर 2025 से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का सातवां मैच (29 जनवरी - 01 फरवरी) हैदराबाद में हैदराबाद टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहली पारी में 72.3 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 283 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की शुरूआत अच्छी नहीं रही, केवल 58 रनों के स्कोर पर 5 विकेट खोने के बाद मध्यम क्रम के बल्लेबाजों ने पारी को सम्भाला। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतीक यादव ने शानदार शतक लगाते हुए 106 रनो की पारी खेली। उनके अतिरिक्त विकल्प तिवारी ने 94 महत्वपूर्ण रनों का योगदान दिया। हैदराबाद की ओर से मो. सिराज ने छत्तीसगढ़ के 4 महत्वपूर्ण बल्लेबाजो को पवेलियन भेजा। दूसरे दिन की समाप्ति तक हैदराबाद ने अपनी पहली पारी में 105 ओवरों में 4 विकेट खोकर 415 रन बना लिये है। हैदराबाद की ओर से हिमातेजा ने नाबाद 125 रन तथा अभिरथ रेडडी ने 121 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण, आदित्य सरवटे, देव आदित्य सिंह तथा आयुश पांडे ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक हैदराबाद 132 रनों से आगे है।

### सीके नायडु ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के वासुदेव ने लिए तीन विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर 23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टुबर 2025 से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (30 जनवरी- 02 फरवरी) चंडीगढ में चंडीगढ अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ़ अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। चंडीगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 88.2 ओवरों में 7 विकेट खोकर 340 रन बना लिये हैं। चंडीगढ की ओर से दुष्यंत ने 116 रन बनाए, कप्तान आरुश भंडारी ने 105 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर 23 टीम की ओर से वासुदेव बरेठ ने 3 विकेट तथा प्रशांत सांई पैंकरा ने 2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक चंडीगढ ने 340 रन बना लिये है।

### राष्ट्रीय स्पर्धा की विजेताओं का पावर कंपनी ने किया सम्मान



**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर लौटी महिला एवं पुरुष टीमों को कंपनी प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को आयोजित समारोह में प्रबंध निदेशक जनरेशन एस के कटियार, प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन आर के शुक्ला, प्रबंध निदेशक डिस्ट्रीब्यूशन भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक के एस मनोठिया, एम एस चैहान, खेल सचिव राजेश सिंह एवं विनय चंद्राकर उपस्थित थे। लखनऊ में आयोजित 47वीं अखिल भारतीय विद्युत कैरम प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। टीम मैनेजर पी नागेश्वर राव एवं टीम कप्तान विनोद राठौर के साथ कोच एवं कप्तान के अलावा सुजीत मोदी, कमलेश ठाकुर, मैरिशस मर्लिन और सुशांत कटकवार ने भाग लिया। महिला टीम ने तमिलनाडु में आयोजित अखिल भारतीय महिला खेल में 5 स्पर्धाओं में 8 पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा में झरना लता साहू, जुवेना गेम्स, गायत्री दीवान, दिव्या आमदे, श्रद्धा वर्मा, शिखा खांडे, शोभना सिंह, शकुंतला करक, कंचन महेश ठाकुर, नमिता जैन, अनिता रोही, नूतन ठाकुर, मीना कुर्रे, स्मिता सोनी, भारती साहू, एलिस मेरी केरकेट्टा, उपासी धांगड आदि ने हिस्सा लिया।

## शादियों और पार्टियों में खानपान पर नियंत्रण रखना जरूरी

# फिर आया शादियों का मौसम, ऐसे माहौल में अपने खानपान का रखें ध्यान और बॉडी को करें डिटॉक्स

वर्ष 2026 में फरवरी से अप्रैल के बीच पंचांग देखकर शुभ कार्य करने वालों के लिए शादियों का ढेर सारा मुहूर्त रहेगा। वहीं अन्य धर्मों मे भी भीषण गर्मी के ठीक पहले शादियां रखने का चलन है। वहीं अन्य वजहों से भी लोग पार्टियां रखते ही हैं। जाहिर है अपनी सेहत को देखते हुए आपको अपने खान-पान पर काफी सोच-विचार करना होगा।

अगर आपको भी डर है कि पार्टियों के इन दिनों में खान-पान की वजह से वजन बढ़ जाता है, तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपके लिए ऐसा प्लान मौजूद हैं, जो वजन घटाने में और बॉडी डिटॉक्स करने में आपकी मदद करेगा। सच कहें तो त्योहारी और शादियों के सीजन में हम सबको बड़ा मजा आता है... हमारे पास करने के लिए कितना कुछ होता है। घर को सजाने से लेकर खाने-पीने की तैयारियों में हम सब मशगूल रहते हैं। वेडिंग सीजन में स्वादिष्ट व्यंजनों से दूरी बना पाना भी मुश्किल हो जाता है। हां, जब इसके बाद आपकी फेवरेट टी-शर्ट या ड्रेस आप पर नहीं आती, तो थोड़ा-सा रिग्रेट होता है।



मगर अब त्योहार में न खाएं ऐसे कैसे हो सकता है? तो क्या ऐसा कोई तरीका है, जो हमारे इस गिल्ट को कम कर सकता है? हम त्योहार में जमकर मस्ती भी करें और खा-पी भी लें और फिर वजन बढ़ने की चिंता भी न सताए। जी हां, ऐसा हो सकता है।

फंक्शनल हार्मोनल हेल्थ न्यूट्रिशनिस्ट शिखा गुप्ता अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कई हेल्थ रिलेटेड पोस्ट साझा करती हैं। उन्होंने कुछ समय पहले पोस्ट फेस्टिव डिटॉक्स को लेकर भी एक सैंपल डाइट प्लान शेयर किया था। चलिए एक्सपर्ट की मदद लें और हम भी इस प्लान के बारे में जानें जो हमारे शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करेगा।

### ब्रेकफास्ट में शामिल करें ये न्यूट्रिशियस चीजें

सबसे पहले सुबह उठकर एक हेल्दी और हल्दी वाला शॉट लें। 1 कप पानी में आधा छोटा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं। इसके बाद इसमें आधा छोटा चम्मच नींबू का पानी, ग्रेट किया हुआ अदरक का जूस और चुटकी भर काली मिर्च मिलाकर इसे पी लें।

खाली पेट हल्दी का पानी लेने से आपको कई फायदे



हो सकते हैं। सबसे पहला यह आपके बाउल मूवमेंट्स को बेहतर बनाने की कोशिश करता है। इसके अलावा इसमें मिली हुई सामग्रियां आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करती हैं, जिससे आपके वजन घटाने की प्रक्रिया भी तेज होती है। यह शरीर से टॉक्सिन्स को भी बाहर निकालता है और आपके एक्सेस बॉडी फैट को जलाने में मदद करता है।

शिखा आगे शेयर करती हैं कि इस हेल्दी शॉट को लेने के कम से कम 15-20 मिनट बाद आपको चिया सीड्स और आल्मंड मिल्क लेना चाहिए। 3 चम्मच चिया सीड्स को आल्मंड मिल्क में भिगो लें और इसमें 3-4 बेरीज डालकर मिक्स करके सेवन करें।

दरअसल, चिया सीड्स में इनसॉल्यूबल फाइबर और प्रोटीन होता है। इसे खाने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है और आपको किसी प्रकार की क्रेविंग्स नहीं होती। इतना ही नहीं, अपने लाभदायक गुणों के कारण इन्हें ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के लिए भी जाना जाता है। इसके कुछ देर बाद आप अंडा और 1 कटोरी सॉते की गई वेजिटेबल्स का सेवन कर सकती हैं।

लंच में लें पनीर, राइस और सलाद से भरपूर थाली

दिन में आप एक कटोरी चावल, सॉते किया हुआ पनीर, फिश या चिकन ले सकते हैं। इसके साथ ही कटोरा भरकर ग्रीन सलाद शामिल करें, जिसमें खीरा, पालक, टमाटर, बेल पेपर्स आदि हो। यह मील आपके पेट को भी भरेगी और सलाद के कारण आपको कई बेनिफिट्स मिलेंगे। सब्जियों से भरपूर सलाद में मिनरल्स और विटामिन्स होते हैं जिसके कारण आप एक हेल्दी वेट मेंटेन कर सकते हैं। इतना ही नहीं, इससे आपका इम्यून सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग होगा।

### अगले तीन माह के मुहूर्त

फरवरी 2026 विवाह का मुहूर्त - 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25 और 26 फरवरी को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। मार्च 2026 विवाह का मुहूर्त -1, 3, 4, 7, 8, 9, 11 और 12 मार्च को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। अप्रैल 2026 विवाह का मुहूर्त - 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28 और 29 अप्रैल में कुल 8 दिन शादी के मुहूर्त हैं।

## अंडर-13 क्रिकेट में जयहिंद रायपुर टीम की शानदार जीत, प्लेयर ऑफ द मैच रहे लोकेश




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित अंडर 13 एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को फाइनल मैच खेला गया। जय हिंद क्रिकेट अकादमी रायपुर एवं इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर के मध्य हुए फाइनल मैच में जय हिंद क्रिकेट अकादमी रायपुर ने 7 विकेट से जीत हासिल की। इसके पहले टॉस इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए इमर्जिंग क्रिकेट एकेडमी 100 रन बनाकर आउट हो गई। समर्थ ने 31 रन बनाए। धनंजय बैरागी नॉट आउट 23 रन और लोकेश कुमार ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी में जय हिंद क्रिकेट अकादमी के रोहन ने 4 विकेट, एस गुप्ता ने तीन, रोहित यादव एवं लोकेश साहू ने एक-एक विकेट लिए।

बल्लेबाजी में जय हिंद क्रिकेट अकादमी रायपुर ने तीन विकेट पर 101 रन बनाए। कप्तान लोकेश साहू ने 52 रन, कानव पटेल ने नॉट आउट 19 रन और विराट चौधरी ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी के समर्थ धनंजय बैरागी एवं दर्श द्विवेदी ने एक-एक विकेट लिए। मैच के अंपायर एस बाल राजू एवं नुगेश्वर डहरिया, स्कोरर पल्लवी एवं विनोद देवघरे थे।

फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयंतो हालदार जनरल मैनेजर कोशी रिजॉर्ट, विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अंडर-14 एवं-16 के चयनकर्ता परमजीत सिंह एवं नलिनी एसोसिएट् के हीरेंद्र साहू, फाइनल मैच के प्लेयर ऑफ द मैच लोकेश साहू प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन कार्तिक बेस्ट बॉलर, एस गुप्ता बेस्ट विकेटकीपर, एकजोत सिंह बेस्ट फील्डर, रोहित यादव बेस्ट ऑलराउंडर, धनंजय बैरागी प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट और जय हिंद क्रिकेट अकादमी के कप्तान लोकेश साहू थे। इस अवसर पर क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के कोच शांतनु घोष छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अंडर 14 एवं अंदर 16 के मुख्य कोच विभाष सिंन्हा, जय हिंद क्रिकेट अकादमी के कोच विनोद यादव इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी के कोच टिकेंद्र ठाकुर व गौतम उपस्थित थे।



### घर पर कुछ खास बनाना है, यहां जानें दाबेली बनाने की आसान विधि


वीकेंड पर अगर कुछ स्वादिष्ट और आसान बनाना चाहती हैं तो दाबेली एक परफेक्ट ऑप्शन है। ये एक स्वादिष्ट स्ट्रीट फूड है, जो अपने मसालेदार आलू स्टफिंग और मीठीखट्टी चटनी के लिए मशहूर है। घर पर इसे बनाना न केवल मजेदार होता है, बल्कि परिवार और दोस्तों के साथ इसे शेयर करना भी एक अलग अनुभव देता है।

सबसे पहले आलू को अच्छी तरह उबाल लें और पूरी तरह मैश कर लें। मैश किए हुए आलू में लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, चाट मसाला और स्वाद अनुसार नमक डालकर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को तब तक मिलाएं जब तक मसाले पूरी तरह से आलू में घुल न जाएं। इसके बाद चटनी तैयार करें।

मीठी चटनी के लिए इमली का पेस्ट और गुड़ या शक्कर को अच्छी तरह मिलाकर गाढ़ा मिश्रण बनाएं। हरी चटनी बनाने के लिए हरी मिर्च, हरा धनिया, नींबू का रस और नमक को मिक्सी में पीसकर स्मूद पेस्ट तैयार करें।

अब ब्रेड बन्स को बीच से हल्का काटें और अंदर मसालेदार आलू भरें। आलू को ब्रेड के अंदर अच्छी तरह सेट करें ताकि भरावन फैल न जाए। उसके ऊपर थोड़ी भुनी हुई मूंगफली, ताजा हरा धनिया और क्रंची सेव डालें।

तैयार दाबेली को तुरंत परोसें ताकि ब्रेड नरम रहे और मसाले का स्वाद ताजा रहे। चाहें तो इसे हरी चटनी या मीठी इमली की चटनी के साथ परोसें। दाबेली को स्नैक के रूप में या वीकेंड स्पेशल फूड के तौर पर परिवार और दोस्तों के साथ एन्जॉय किया जा सकता है।



### बच्चों को पढ़ाई के लिए दे रहे हैं फोन तो कर लें ये उपाय

अगर आप अपने बच्चों के घंटों फोन लिए रहने के हरकत से परेशान हैं और उनपर पैनी नजर रखना चाहती हैं, तो डिजिटल वैलबीइंग सेटिंग का फीचर बिल्कुल आपके लिए है। जानिए कैसे?

आजकल ऑनलाइन क्लासेज का क्रेज काफी बढ़ गया है। हर स्कूल-कॉलेजों में स्मार्ट क्लासेज का होना आम बात है। बच्चे घर पर भी आकर स्मार्टफोन से पढ़ाई करते हैं। लेकिन, कई बार बच्चे स्टडी का नाम लेकर इधर-उधर की चीचें भी सर्च करने लगते हैं, जो उनके ध्यान को भटकाने में कारगर होता है। यही नहीं, क्लासेस का बहाना करके कई बार बच्चे घंटों गेम भी खेलने लगते हैं, जिससे न सिर्फ समय की बर्बादी होती है बल्कि उनका दिमाग भी पढ़ाई से दूर हो जाता है। अगर आप



भी अपने बच्चों के इस हरकत से परेशान हैं और उनपर पैनी नजर रखना चाहती हैं, तो डिजिटल वैलबीइंग सेटिंग का फीचर बिल्कुल आपके लिए है। तो चलिए जानते हैं सेटिंग करने का तरीका क्या है।

#### डिजिटल वैलबीइंग क्या काम करता है?

गूगल का डिजिटल वैलबीइंग फीचर काफी शानदार है। इसकी मदद से आपका मोबाइल फोन किस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है, इसका पता लगता है। इसमें आप ऐप टाइमर सेट कर सकते हैं। इसके अलावा, इसकी खास बात ये है कि इसमें टाइम पर डिस्प्ले बदलने की सुविधा भी मौजूद है। ऐसे में आपके बच्चे फोन का इस्तेमाल स्टडी के लिए कर रहे हैं या कुछ और देख रहे हैं, यह जानकारी भी बता सकता है। हालांकि, गूगल डिजिटल वैलबीइंग फीचर सिर्फ एंड्रॉयड 10 या इससे बाद के वर्जन पर ही काम करेंगे।

#### कैसे करें डिजिटल वैलबीइंग की सेटिंग?

इस फीचर का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले अपने फोन की सेटिंग में जाएं। यहां आपको Digital Wellbeing and Parental Controls के ऑप्शन पर टैप करना है। आप इसे ढूंढने के लिए सेटिंग में डायरेक्ट सर्च भी कर सकती हैं। इसके बाद, आपको ऐप के सारे आइकन्स की लिस्ट दिखेगी। इसके नीचे सेट गोल का ऑप्शन आएगा, जिसपर क्लिक करना है। इसके बाद आपके सामने टाइम सेट करना है। बस आपके फोन में सेटिंग हो जाएगी और सेटिंग के अनुसार फोन की डिस्प्ले ऑफ हो जाएगी। इसके अलावा, आप पहली बार डिजिटल वैलबीइंग ओपन करेंगी तो प्रोफाइल सेटअप करना होगा। बस इससे आप मैनेज कर पाएंगी कि फोन का किस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है। बच्चों को पढ़ाई के लिए फोन देते समय उनके स्क्रीन टाइम को 1 घंटे तक सीमित करें और उसमें 'पैरेंटल कंट्रोल' सेट करें। इसके साथ ही, अनावश्यक ऐप्स को डिलीट करें, पढ़ाई के लिए केवल जरूरी ऐप्स रखें और फोन का उपयोग एक निश्चित समय और स्थान पर ही करने दें।

#### फोन देते समय इन बातों का रखें खास ख्याल

पैरेंटल कंट्रोलः गूगल फैमिली लिंक या अन्य पैरेंटल लॉक ऐप्स का इस्तेमाल करें ताकि बच्चे केवल पढ़ाई से जुड़ी सामग्री ही देख सकें। समय और सीमा तय करेंः पढ़ाई के लिए स्क्रीन टाइम की एक निश्चित समय सीमा निर्धारित करें।



**कार्नर न्यूज**

## सिर्फ कोर्स करना ही काफी नहीं, कुछ और भी चाहिए आपके व्यक्तित्व में

# हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सफल होने आपमें होने चाहिए कुछ जरूरी गुण, सुखद बन जाएगा आपका भविष्य

ऐसे बहुत से लोग हैं, जो हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अपना करियर देखते हैं। लेकिन इस सेक्टर में सक्सेसफुल होने के लिए आपको अपने कुछ स्किल्स को जरूर शार्प करना चाहिए। हॉस्पिटैलिटी एक ऐसा सेक्टर है, जिसमें करोड़ों लोग काम कर रहे हैं और लाखों लोग इस सेक्टर में अपना करियर बनाने का सपना देख रहे हैं। इसके लिए वे संबंधित कोर्स भी करते हैं। हालांकि, सिर्फ कोर्स करना या किताबी ज्ञान लेना ही काफी नहीं है। यह एक ऐसा सेक्टर है, जिसमें आप कस्टमर्स के साथ हर दिन जुड़ते हैं और कुछ नया एक्सपीरियंस करते हैं। इस फील्ड में सक्सेसफुल होने के लिए आपके अंदर कुछ स्किल्स का होना बेहद ही जरूरी है। अगर आपने वह स्किल्स नहीं है या फिर आप उसे डेवलप नहीं कर पाते हैं तो कोई भी सर्टिफिकेट आपको सक्सेस नहीं दिला सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही स्किल्स के बारे में बता रहे हैं, जो हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सक्सेसफुल होने के लिए बेहद जरूरी हैं-



### टीम वर्क स्किल्स

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सक्सेसफुल होने के लिए आपको टीमवर्क में काम करना आना चाहिए। मसलन, अगर आप एक रेस्टोरेंट के मैनेजर हैं तो आपको फ्रंट ऑफ़ हाउस स्टाफ के साथ काम करना होगा ताकि आपके ग्राहक खुश रहें। इसी तरह किचन टीम के साथ मिलकर काम करना भी आपकी ही जिम्मेदारी का हिस्सा है। अगर आपमें टीमवर्क स्किल्स नहीं हैं तो आप अकेले बेस्ट रिजल्ट नहीं दे पाएंगे।

### फ्लेक्सिबिलिटी

अगर आप हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में हैं तो आप बहुत अधिक फ्लेक्सिबल होना बेहद जरूरी है। कई बार आपको बहुत लंबे समय तक काम करना होता है या फिर उन्हें छुट्टियों के दौरान भी काम करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, क्रिसमस और नया साल आमतौर पर हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए काफी अच्छा समय माना जाता है। ऐसे में आपको अपने काम को लेकर फ्लेक्सिबल होना पड़ता है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आपके लिए बहुत अधिक आगे तक जाना काफी मुश्किल हो जाएगा।

### कम्युनिकेशन स्किल्स

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लोगों के लिए कम्युनिकेशन स्किल्स पर काम करना बेहद ही जरूरी है। आपको चाहे अपने कलीग्स के साथ टीमवर्क में काम करना हो या फिर आने वाले गेस्ट को हैंडल करना हो। इसके लिए अच्छे कम्युनिकेशन स्किल्स होना बेहद ही जरूरी है। इसमें सिर्फ ओरल कम्युनिकेशन ही शामिल नहीं है, बल्कि ईमेल व लिखित कम्युनिकेशन पर भी फोकस करना जरूरी है।

### इंटरपर्सनल स्किल्स

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़े लोगों में इंटरपर्सनल स्किल्स अच्छे होने भी बेहद जरूरी है। उन्हें अपने मेहमान ही नहीं, बल्कि कलीग्स व मैनेजमेंट के साथ भी अच्छे रिलेशन बनाने आने चाहिए। आपका मिलनसार होना और टीम के सभी मेंबर्स की बात सुनकर व समझकर ही अपना काम आगे बढ़ाना आना चाहिए।




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रॉबी का 'ताज महल डायमंड' है सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक

मार्गोट रॉबी ने लॉस एंजिल्स में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के प्रीमियर में एलिजाबेथ टेलर का मशहूर 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहना। यह ऐतिहासिक आभूषण हॉलीवुड की चकाचौंध को मुगल राजवंश की विरासत और अमर प्रेम कहानियों से जोड़ता है।



मार्गोट रॉबी अपनी नई फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ जैकब एलोर्डी हैं। रेड कार्पेट पर उनकी हालिया उपस्थिति बहुत यादगार रही। इस दौरान मार्गोट रॉबी ने 'ताज महल हीरा' पहना हुआ था, जो अब तक के सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक है। 28 जनवरी को लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। 35 साल की अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। जिसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपये) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी, जब दोनों की शादी किसी और से थी। उनका रोमांस दुनिया भर में चर्चित रहा। इस डायमंड का इतिहास हॉलीवुड से भी पुराना है। दिल के आकार वाले इस हीरे पर पारसी भाषा में 'प्रेम शाश्वत है' लिखा है ।

### टॉलीवुड

## आत्मकथा लिख रहे रजनीकांत, बेटी बोलीं- संघर्ष से आज तक का सफर करेंगे साझा

बॉलीवुड में कई सेलेब्स ने अपनी आत्मकथा के जरिए फैंस को अपनी सफलता की पूरी कहानी सुनाई हैं।अब सुपरस्टार रजनीकांत भी अपनी आत्मकथा पर काम कर रहें हैं। हाल ही में उनकी बेटी सौंदर्या ने रजनीकांत से जुड़ी कुछ खास बातें शेयर कीं। थलाइवा के बस कंडक्टर से लेकर सुपरस्टार बनने तक का पूरा सफर वो फैंस के साथ साझा करेगें। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' जल्द रिलीज होने वाली है। अब रजनीकंत की बेटी सौंदर्या रजनीकांत ने एक इंटरव्यू में बताया कि जल्द रजनीकांत अपनी आत्मकथा फैंस के बीच ला सकते हैं। एक्टर इसपर काम कर रहें हैं। सौंदर्या रजनीकांत अपनी आने वाली फिल्म 'विथ लव ' के प्रमोशन के लिए आई थी। फिल्म मेकर ने बताया कि इस आत्मकथा में 'थलाइवा' के वो पहलू भी सामने आयेगें जिन्हें कोई नहीं जानता।




हाल ही में इंटरव्यू में सौंदर्या ने अपने पिता रजनीकंत का जिक्र किया। सौंदर्या ने कहा कि रंजनीकांत अपनी आत्मकथा पर काम कर रहें हैं। फिल्म मेकर ने 'थलाइवा' के फैंस को बताया कि सुपरस्टार जल्द ही अपनी आत्मकथा को फैंस के बीच ला सकते है। जिसमें वो ये बताएगें कि किस तरह एक बस के कंडक्टर से फिल्मी दुनिया के सुपरस्टार तक का सफर तय किया। साथ ही इसमें वो अपने जीवन के उन घटनाओं के बारे में भी बताएगें जिन्हें उनके फैंस नहीं जानते।

कुछ समय पहले भी रजनीकांत के आत्मकथा लिखने की जानकारी ' कुली ' के निर्देशक लोकेश कनगराज ने भी दी थी। उन्होंने बताया था कि फिल्म ' कुली ' के प्रमोशन के दौरान रजनीकांत अपनी आत्मकथा में व्यस्त थे। आगे निर्देशक ने यह भी कहा कि वो हर रोज रजनीकांत को ' कुली ' के सेट पर कुछ लिखता हुआ देखते थे।

### भोजपुरी

## रियलिटी शो '50' में नजर आएंगे विक्रांत और मोनालिसा, दर्शक उत्सुक

जल्द ही मोनालिसा और विक्रांत रियलिटी शो '50' में एक साथ नजर आएंगे। शो शुरू होने से पहले दोनों ने शो के फॉर्मेट, अपने रिश्ते और करियर को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर कीं। बता दें कि मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिसवास है और वे 50 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। 'बिग बॉस 10' के बाद उनकी लोकप्रियता और भी बढी और उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में भी अपनी मजबूत पहचान बनाई, जहां कई पापुलर शोज में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाईं।



विक्रांत सिंह के मुताबिक, 'मोनालिसा जब बिग बॉस में आई थी, उससे पहले लोगों की सोच ज्यादातर निगेटिव थी। हम जिस सोसाइटी से आते हैं, वहां खासकर लड़कियों के लिए निगेटिव सोच जल्दी बनती है। घर से निकलकर फिल्म इंडस्ट्री में आना गलत मान लिया जाता है। आप सही हों या गलत लोग की नजर में आप गलत ही हो जाते हैं। अगर आपने ऐसा किरदार चुना जिसे आपको परफॉर्म करना है, तो भी गलत माना जाता है। लोगों ने मोनालिसा के बारे में गलत सोचा। वो लोग बोलने से पहले सोचते नहीं।'

वो आगे कहते हैं, 'बिग बॉस में आने के बाद कुछ हद तक राय बदली। हमारी शादी हुई तो और भी बदलाव आया। लेकिन सोच बहुत धीरे बदलती है। ज्यादातर लोग निगेटिव जाते हैं। आपकी मेहनत को लोग क्रेडिट नहीं देते कहते हैं अरे इसको ऐसे ही मिल गया होगा। ये सिर्फ मोना के साथ नहीं, कई लड़कियों के साथ होता है। अब थोड़ा बदल रहा है, लेकिन बहुत धीरे।'

## विंटेज स्टाइल की वापसी

हमेशा बदलने वाले फैशन की दुनिया में अक्सर कहा जाता है कि पुराने ट्रेंड लौट कर वापस ज़रूर आता है। यह बात आज के भारतीय युवाओं की वॉर्डरोब में सबसे ज़्यादा साफ़ दिखती है। जहाँ विंटेज स्टाइल सिर्फ़ वापस नहीं आ रहे हैं, बल्कि सेंटर स्टेज भी ले रहे हैं। भुवनेश्वर के कॉलेज कैंपस से लेकर मुंबई और दिल्ली की हलचल भरी सड़कों तक, युवा भारतीय बीते ज़माने के आकर्षण को अपना रहे हैं। पुरानी यादों को आज के स्टाइल के साथ इस तरह मिला रहे हैं जो क्रिएटिव होने के साथ-साथ मानीखेज भी है।






## घर पर आसानी से तैयार करें ब्लॉक प्रिंट कुर्ता, बनेंगी महफिल की रौनक



अगर आपको ब्लॉक प्रिंट के कुर्ते पहनना पसंद है तो इस बार इन्हें खरीदने की बजाए घर पर तैयार करें। कुर्ते के कई सारे अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप अपने लुक के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इनमें से कुछ ऐसे होते हैं जो दिखने में काफी अच्छे लगते हैं। लेकिन इन प्रिंट के कुर्ते मिलते थोड़े महंगे हैं। ऐसे में आप चाहे तो इन्हें घर पर आसान तरीके से रेडी कर सकती हैं। इसके लिए बस आपको इन टिप्स को फॉलो करना होगा।



ब्लॉक प्रिंट कुर्ता बनाने के लिए आपको आलू, स्विंग मशीन, मार्कर पेन, फेब्रिक कलर चाहिए। इसके लिए सबसे पहले आपको सफेद कपड़ा लेना है। फिर इससे अपने लिए कर्ती स्टीच करना है। अब आलू लें और मार्कर पेन की मदद से इसपर अपनी पसंद का प्रिंट डिजाइन (शॉर्ट कुर्ता डिजाइन) बनाएं।

इसके बाद एक ट्रे में फेब्रिक कलर लें। आप अपनी पसंद के हिसाब से कलर चूज कर सकती हैं। फिर आलू पर बने इस डिजाइन को इसमें डीप करें और थोड़ी-थोड़ी जगह पर इससे मार्क बनाएं। इस प्रक्रिया को पूरे कुर्ते पर दोहराएं। इसके बाद इसे सूखने के लिए छोड़ दें। इस तरीके से आपका ब्लॉक प्रिंट कुर्ता बनकर रेडी हो जाएगा। आप इसे किसी भी इवेंट या किसी फंक्शन पर स्टाइल कर सकती हैं।

### ब्लॉक प्रिंट दुपट्टा भी कर सकती हैं तैयार

अगर आपको दुपट्टे की अलग-अलग कलेक्शन रखना पसंद है तो आप दुपट्टे पर भी ब्लॉक प्रिंटिंग डिजाइन बना सकती हैं। इस तरीके के दुपट्टे (शरारा कुर्ता ट्रेंडी डिजाइन) भी काफी अच्छे लगते हैं और स्टाइल करने के बाद आप खूबसूरत लगेंगी। आपको मार्केट में यही दुपट्टे 500 से 1000 रुपये में मिलेंगे। घर पर इन्हें आप फेब्रिक लाकर कम पैसों में बना सकती हैं। बस आपको इसे बनाने के लिए कुछ टिप्स का खास ध्यान रखना पड़ेगा। तभी आपको ब्लॉक प्रिंट कुर्ता सही तरीके से रेडी हो पाएगा और आप उसे स्टाइल कर पाएंगी।

घर पर ब्लॉक प्रिंट कुर्ता बनाना न केवल आसान है बल्कि यह आपके पुराने या सादे कुर्ते को एक नया और शानदार लुक देने का एक बेहतरीन डीआईवाई तरीका है। इसे तैयार करने के लिए आप कुछ और स्टेप्स भी फॉलो कर सकते हैं।

## ठंड से हाथ हो गए हैं सख्त तो ऐसे बनाएं मुलायम

ठंडी हवाओं के कारण हाथों की त्वचा हो गई है सख्त तो आपको भी हाथों को सॉफ्ट बनाने के लिए जरूर ट्राई करने चाहिए कुछ आसान घरेलू नुस्खे। इसके लिए आलू को उबालकर मैश कर लें और फिर उसमें गुलाब जल मिक्स करें। अब आपको इस मिश्रण से दोनों हाथों पर लगाना है और हल्के हाथों से मसाज करनी हैं। 5 मिनट बाद गुनगुने पानी से आप हाथों को वॉश कर लें। यदि आप नियमित दिन में एक बार भी इस घरेलू नुस्खे को अपनाती हैं, तो आपके हाथ न केवल मुलायम होंगे बल्कि उनकी टैनिंग भी दूर हो जाएगी। इसी तरह मैश केले में शहद मिक्स करें और इस मिश्रण को हाथों पर रब करें। 5 मिनट बाद गरम पानी से हाथों को वॉश कर लें। यदि आप रात में सोने से पहले इस मिश्रण को नियमित हाथों पर लगाती हैं, तो ऐसा करने से भी आपके हाथ सॉफ्ट हो जाएंगे। यदि सख्त होने के साथ ही आपके हाथ ड्राई भी हैं, तो इस घरेलू नुस्खे से आपको उसमें भी राहत मिलेगी क्योंकि केले में प्राकृतिक मॉइश्चराइजिंग प्रॉपर्टीज होती हैं।



सर्दियों की ठंडी हवा और नमी की कमी से हाथ अक्सर रूखे और सख्त हो जाते हैं। इन्हें फिर से कोमल बनाने के लिए आप नीचे दिए गए प्रभावी घरेलू उपाय अपना सकते हैं:

**नारियल या जैतून के तेल की मालिश:** रात को सोने से पहले हाथों पर नारियल या जैतून के तेल की मोटी परत लगाएं। बेहतर परिणाम के लिए तेल लगाने के बाद सूती दस्ताने पहन लें, जिससे नमी त्वचा के अंदर लॉक हो जाए।

**चीनी और तेल का स्क्रब:** 1 बड़ा चम्मच चीनी में थोड़ा सा सरसों या जैतून का तेल मिलाएं और 2-3 मिनट तक हाथों पर हल्के हाथों से रगड़ें। यह मृत त्वचा को हटाकर हाथों को तुरंत मुलायम बनाता है।

**ग्लिसरीन और गुलाब जल:** ग्लिसरीन, गुलाब जल और नींबू के रस का मिश्रण एक प्राकृतिक मॉइस्चराइज़र की तरह काम करता है। इसे दिन में दो बार लगाने से त्वचा की चमक और कोमलता बनी रहती है।

**गुनगुने पानी का उपयोग:** हाथों को धोने के लिए बहुत गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। गर्म पानी त्वचा के प्राकृतिक तेल को सोख लेता है, जिससे वे और भी सख्त हो जाते हैं।

**एलोवेरा जेल:** ताजे एलोवेरा जेल को हाथों पर लगाने से फटी हुई त्वचा जल्दी ठीक होती है और जलन कम होती है।

**मलाई या दूध का प्रयोग:** हाथों को 5 मिनट के लिए दूध के कटोरे में डुबोकर रखें या ठंडी मलाई से मालिश करें। इसमें मौजूद प्रोटीन और फैट त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं।

## रीयूज करें पुराने इयररिंग्स



इयररिंग्स पहनने में जितने अच्छे लगते हैं। उतनी ही जल्दी हम उन्हें पहनकर बोर हो जाते हैं। इसकी वजह से या तो वो फेंक दिए जाते हैं वरना रखे रहते हैं। अगर आपके पास भी कुछ ऐसे इयररिंग्स हैं जिन्हें दोबारा पहनने में नहीं आते हैं तो इसके लिए आप टीवी एक्ट्रेस श्वेता महादिक के बताए गए इन टिप्स की मदद से इयररिंग्स को दोबारा इस्तेमाल में ला सकती हैं और लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसके साथ आफ नेकलेस डिजाइन कर सकती हैं।

इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको अपनी इयररिंग्स के पीछे के लॉक को हटाना है। इसके बाद इसे क्लीन करना है। फिर प्लास्टिक थ्रेड लेना है और उसे इयररिंग्स के नीचे वाले सिरे से जोड़ना है। अब इसमें छोटे वाले मोती को लगाना है। इसके बाद दूसरे सिरे को दूसरी तरफ जोड़ना है। फिर दूसरे थ्रेड को लेना है और फिर उसे ऊपर की तरफ गांठ लगाकर जोड़ना है। अब इसमें बड़े वाले मोती डालने हैं। आप चाहे तो अलग डिजाइन वाले पर्ल या फिर मोती (ज्वेलरी डिजाइन) को भी इसमें लगा सकती हैं। इसी प्रक्रिया को जारी रखकर आपको लेयर तैयार करनी है। इसके बाद ऊपर की तरफ भी इसी तरीके से इन्हें तैयार करना है। अब इसमें पीछे की तरफ लॉक लगाना है। आपका नेकलेस बनकर तैयार हो जाएगा। इस तरह के नेकलेस को आप साड़ी के साथ वियर कर सकती हैं। आप चाहे तो सूट के साथ भी इसे स्टाइल कर सकती हैं अगर उसकी नेकलाइन (स्टेटमेंट नेकलेस) डीप होगी तभी अच्छा लगेगा। लहंगे के साथ ट्रेडिशनल लुक क्रिएट करने के लिए भी आप वियर कर सकती हैं।

## होंठ दिख रहे हैं रुखे तो ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे

अगर आपके लिप्स बदलते मौसम की वजह से रुखे हो रहे हैं, तो इसके लिए जरूरी है कि आप सही चीजों का इस्तेमाल करें। इससे आपके होंठ सॉफ्ट नजर आएंगे। बदलते मौसम की वजह की वजह से हमारी स्किन ड्राई नजर आती है। इसका असर हमारे होंठों पर भी नजर आता है।

### गुलाब की पत्तियों और दूध

अगर आपको होठों को सॉफ्ट करना है, तो इसके लिए आप गुलाब की पत्तियों और दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको ताजी गुलाब की पत्तियों को लेना है। इसके कुछ समय के लिए दूध में भिगोकर रखना है। इसके बाद इन दोनों चीजों को अच्छे से मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाएं। अब इसमें 1 चम्मच शहद को मिक्स करें। इसे अपने होंठों पर सोने से पहले लगाएं। फिर 20 मिनट के बाद इसे कॉटन पैड से हटाएं। इससे आपके होंठ अच्छे नजर आएंगे।

### बादाम तेल और शहद

आप अपने होंठों के रूखेपन को दूर करने के लिए आप बादाम तेल और शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये होंठों के लिए अच्छा रहेगा। इसे लगाने के लिए आपको 1 चम्मच बादाम का तेल लेना है। इसमें 1 चम्मच शहद को मिक्स करना है। अब इसे चुकंदर को काटकर इसमें डीप करके अपने होंठों पर रब करना है। इसके बाद कॉटन पैड से साफ करें। इससे आपके होंठ सॉफ्ट हो जाएंगे।



### इन बातों का रखें ध्यान

अगर आपको होठों पर एलर्जी है, तो किसी भी नुस्खों को ट्राई करने से पहले एक्सपर्ट सलाह जरूर लें। आप एक्सपर्ट सलाह के बाद ही किसी भी चीज को होंठों पर न लगाएं। सॉफ्ट होंठों के लिए आपको बाजार के प्रोडक्ट का कम इस्तेमाल करना चाहिए।इन चीजों का करें इस्तेमाल। इससे आपके होंठ सॉफ्ट नजर आएंगे। साथ ही, आप एक्सपर्ट सलाह के बाद होंठों तो ड्राई होने से कम कर सकती हैं। आप चाहें तो इन चीजों को कुछ दिन के लिए स्टोर करके रोजाना लगा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### इनग्रोन हेयर हटाने मौजूद हैं आसान से उपाय

## स्ट्रॉबेरी लेग्स आज के दौर में एक सामान्य समस्या, इससे आसानी से निजात पाने अपनाएं जरूरी उपाय

क्या आपने अपने पैरों में काले धब्बे नोटिस किए हैं? वैक्सिंग या शेविंग के बाद भी अगर पैरों को हाथ लगाते हुए आपको छोटे-छोटे बाल महसूस होते हैं, तो मतलब वो इनग्रोन हेयर हैं। इसी तरह इनग्रोन हेयर से भरे हुए पैरों को स्ट्रॉबेरी लेग्स कहते हैं। दरअसल, त्वचा पर ये बंप्स स्ट्रॉबेरी में लगे सीड्स की तरह नजर आते हैं, इसलिए इन्हें यह नाम दिया गया है। इस समस्या से कई महिलाएं गुजरती हैं। इससे आपकी त्वचा रूखी लग सकती है। ऐसी स्किन को अच्छी तरह से एक्सफोलिएट और मॉइश्चराइज करने की आवश्यकता होती है।

अगर आपको लगता है कि यह समस्या सिर्फ महंगे ट्रीटमेंट्स से ठीक हो सकती है, तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। आज हम आपको बताएंगे कि आप नारियल के तेल, सी सॉल्ट और एलोवेरा जेल की मदद से इस समस्या से कैसे छुटकारा पा सकती हैं। जिस तरह स्ट्रॉबेरी के बीज बाहर त्वचा पर होते हैं, यह समस्या भी ठीक त्वचा के ऊपर उन सीड्स की तरह दिखती है। शेविंग या कई बार वैक्सिंग के बाद, जब स्किन पोर्स एक्सेस सीबम और गंदगी से भरने लगते हैं, तो वे स्ट्रॉबेरी की तरह दिखने लगते हैं। वहीं, जब आपकी त्वचा पर हवा लगती है, तो ऑक्सीडेशन के कारण ये पोर्स काले पड़ने लगते हैं।



यह कई कारणों से हो सकता है। अगर आप पुराने रेजर से शेव कर रही हैं या फिर गलत तरीके से शेव करती हैं, तो ऐसा हो सकता है।

इसके अलावा, आपके पैरों की त्वचा में हजारों पोर्स होते हैं और ये बैक्टीरिया, डेड स्किन और गंदगी से बंद हो सकते हैं। जब हवा इनसे पास होती है, तो ये काले धब्बे का रूप लेने लगते हैं।

कई बार फॉलिकुलाइटिस के कारण भी स्ट्रॉबेरी स्किन हो सकती है। यह तब होता है जब हेयर फॉलिकल में इंफेक्शन हो जाता है और सूजन होने लगती है। बहुत ज्यादा ड्राई स्किन के कारण भी स्ट्रॉबेरी लेग्स होने लगते हैं।

### स्ट्रॉबेरी लेग्स की समस्या से निपटने का तरीका

जरूरी है कि आप अगर रेजर का इस्तेमाल कर रही हैं, तो उसे सही ढंग से इस्तेमाल करें। इसके अलावा अपनी त्वचा को मॉइश्चराइज रखना भी जरूरी है। आप नारियल तेल की मदद से भी त्वचा का ख्याल रख सकती हैं।

स्ट्रॉबेरी लेग्स की समस्या, जिसमें पैरों पर छोटे काले धब्बे या दाने (स्ट्रॉबेरी के बीजों जैसे) दिखने लगते हैं, उसे कुछ आसान घरेलू और स्किनकेयर उपायों से ठीक किया जा सकता है।

### नियमित एक्सफोलिएशन

केमिकल एक्सफोलिएंट: मृत त्वचा और बंद रोमछिद्रों को साफ करने के लिए सैलिसिलिक एसिड या ग्लाइकोलिक एसिड वाले बॉडी वॉश या लोशन का उपयोग करें।

**फिजिकल स्क्रब:** सप्ताह में 2-3 बार ब्राउन शुगर और जैतून के तेल से बना घरेलू स्क्रब इस्तेमाल करें। ड्राई ब्रशिंग भी एक प्रभावी तरीका है।

शेविंग की सही तकनीक

**हमेशा नया रेजर इस्तेमाल करें:** पुराने और कुंद रेजर से त्वचा में जलन और अंतर्वर्धित बाल हो सकते हैं।

**शेविंग जेल का प्रयोग:** कभी भी ड्राई शेव न करें। शेविंग से पहले शेविंग क्रीम या कंडीशनर लगाएं ताकि रेजर आसानी से चले। दिशा का ध्यान: बालों के उगने की दिशा में ही शेव करें।

